दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



अच्छी आदतें अपनाने का संकल्प........ अपनी अच्छाईयों को करना......

वर्ष : 10 | अंक : 301 | लखनऊ, 12 अक्टूबर, शनिवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# सीएम योगी ने शारदीय नवरात्र की नवमी को कुंवारी कन्याओं का पूजन किया

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन किया। एक बयान के मुताबिक, गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने मंदिर स्थित अपने आवास परिसर के प्रथम तल पर परंपरागत रूप से पीतल के परात में जल से सभी नौ कुंवारी कन्याओं के बारी-बारी पांव धोये, उनके माथे पर रोली, चंदन, दही, अक्षत और शक्तिपीठ की वेदी पर उगाई गई जई का तिलक लगाया। बयान के अनुसार, उन्होंने अनुष्ठान के तौर पर नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढाई, आरती उतारी तथा उनसे आशीर्वाद लिया।

मुख्यमंत्री ने परंपरा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया।



मुख्यमंत्री आदित्यनाथ का प्यार-दुलार पाकर नन्हीं बालिकाओं व बटुकों की प्रसन्नता देखते ही बन रही थी। सत्कार और स्नेह के भाव से मुख्यमंत्री ने एक-एक कर नौ कन्याओं व बटुक भैरव के पांव पखारे और पूजन किया। पूजन के बाद भोजन परोसते समय मुख्यमंत्री निरंतर संवाद भी करते रहे। पूजन के दौरान गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, काशी से आए महामंडलेश्वर संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, द्वारका तिवारी, वीरेंद्र सिंह, दुर्गेश बजाज, अमित सिंह मोनू और विनय गौतम आदि मौजूद रहे। योगी ने इसके पूर्व प्रातःकाल के पूजन सत्र में मंदिर में मां सिद्धिदात्री की विधि-विधान से आराधना की।

## जेपी जयंतीः आदित्यनाथ और अन्य भाजपा नेताओं ने लोकनायक को श्रद्धांजलि दी

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आपातकाल का पुरजोर विरोध करने वाले समाजवादी नेता जयप्रकाश नारायण को सही मायने में लोकनायक बताया और उनकी जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, लोकतंत्र के परम उपासक भारत रत्न, लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर उन्हें नमन! आपातकाल के दौरान राष्ट्र की जनतांत्रिक चेतना को जागृत कर लोकतंत्र की पुनर्स्थापना में अविस्मरणीय योगदान दिया था। वह सच्चे अर्थों में लोकनायक थे। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, उपमुख्यमंत्री– ब्रजेश पाठक एवं केशव प्रसाद मौर्य समेत विभिन्न नेताओं ने जेपीको श्रद्धांजलि दी। उनका जन्म 11 अक्टूबर 1902 को बिहार में सारण जिले के सिताब दियारा गांव में हुआ था। वर्ष 1979 में उनका निधन हो गया।

# जेपी के बहाने अखिलेश ने गरमा दी सियासत

## केंद्र से समर्थन वापस लें नीतीश

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ ।समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं को पुलिस द्वारा घसीटे जाने और हिरासत में लेने के बाद लखनऊ में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन शुरू हो गया, जब पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने उनके प्रवेश को रोकने के लिए जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) के गेट के सामने टिन की चादरें लगा दी हैं। समाजवादी नेता जयप्रकाश नारायण की आज जयंती मनाने के लिए अखिलेश यादव गुरुवार रात जेपीएनआईसी गए। बीजेपी ने अखिलेश यादव पर पलटवार करते हुए उनकी हरकत को बचकाना बताया और समाजवादी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए इसे 'फ्यूज्ड ट्रांसफार्मर' करार दिया।

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि हम जय प्रकाश नारायण की जयंती मनाते हैं। यह सरकार हमें उन्हें माला पहनाने से रोकने की कोशिश कर रही है, लेकिन हमने सड़क पर ऐसा किया। वे इस संग्रहालय को बेचने की साजिश कर रहे हैं और इसलिए उन्होंने जेपीएनआईसी को कवर किया है। उन्होंने कहा कि जरा सोचिए कि जो सरकार जय प्रकाश नारायण के सम्मान में बनाए गए संग्रहालय को बेचने की कोशिश कर रही है, आप उनसे कैसे उम्मीद कर सकते हैं कि वे संविधान की रक्षा करेंगे? पुलिस कब तक आएगी, कब जाएगी हम यहीं उनकी जयंती मनाएंगे। यह सरकार गूंगी, बहरी और अंधी है। आज रामनवमी है और देखो आज ये कैसा अधर्म कर रहे हैं। अगर आज त्यौहार न होता तो ये बैरिकेड्स समाजवादियों को नहीं रोक पाते।

सपा नेता ने कहा कि बहुत से समाजवादी लोग सरकार में हैं और सरकार को बने रहने में मदद कर रहे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उनके (जय प्रकाश नारायण) आंदोलन से उभरे हैं, यह नीतीश कुमार के लिए उस सरकार से समर्थन वापस लेने का मौका है जो समाजवादियों को जय प्रकाश नारायण की जयंती पर श्रद्धांजलि देने की अनुमति नहीं दे रही है। बीजेपी नेता शाजिया इल्मी ने पलटवार करते हुए कहा कि अखिलेश यादव को ऐसे राजनीतिक स्टंट से बचना चाहिए। अगर वे जय प्रकाश नारायण को सच्ची श्रद्धांजलि देना चाहते हैं तो उन पार्टियों से अपना गठबंधन तोड़ देंगे, जिनके खिलाफ जय प्रकाश जी ने आपातकाल के दौरान आवाज उठाई थी और जेल गए थे। यह भी जानता है कि काम चल रहा है और सम्मान देने के अन्य तरीके भी हैं।

## सूचना

सभी पाठकों एवं संवाददाताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 12/10/2024 को अमन लेखनी कार्यालय में विजय दशमी के उपलक्ष्य में अवकाश रहेगा अगला अंक 14/10/2024 को प्रकाशित किया जाएगा

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 24.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,634.72

निफ्टी 25,013.85

## मुख्यमंत्री आवास विवादः पीडब्ल्यूडी ने फ्लैगस्टाफ रोड स्थित बंगले में मौजूद वस्तुओं की सूची तैयार की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित बंगले में मौजूद वस्तुओं की एक सूची तैयार की है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि दो सूची तैयार की गई हैं, एक, पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बंगले से जाने के बाद उन्हें बंगला खाली करने का प्रमाण पत्र जारी करने से पहले की सूची और दूसरी, मौजूदा मुख्यमंत्री आतिशी के बुधवार को यहां से जाने के बाद की सूची। उन्होंने कहा कि अब बंगले के नये आवंटन पर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा, आवास के सामान की सूची तैयार की गई और साथ ही परिसर के अंदर एवं बाहर की तस्वीरें ली गईं और वीडियो भी बनाया गया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सब कुछ व्यवस्थित है। जिस बंगले में केजरीवाल मुख्यमंत्री के रूप में नौ साल से अधिक समय तक रहे, वह विवाद का विषय बन गया है। आम आदमी पार्टी (आप) ने आरोप लगाया है कि उपराज्यपाल ने भाजपा के इशारे पर बंगला जबरन खाली करवाया। वहीं, दूसरी ओर भाजपा ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री ने बिना उचित आवंटन के ही बंगला अपने कब्जे में ले लिया।

# राजनाथ सिंह ने सेना कमांडरों के अहम सम्मेलन को किया संबोधित

## 'प्रेरणा स्थल' ने बहादुर जवानों के बलिदान को इतिहास में अंकित कर दिया



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'प्रेरणा स्थल' का उद्घाटन किया। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इस प्रेरणा स्थल के निर्माण ने हमारे उन बहादुर जवानों के बलिदान को इतिहास में हमेशा के लिए अंकित कर दिया है जब तक यह स्थल रहेगा तब तक यह इस क्षेत्र के लोगों को हमारे जवानों के शौर्य से परिचित कराएगा और उन्हें प्रेरणा देगा। मैं हमारे 22 जवानों के बारे में देख रहा था, तो एक बात पर मैंने गौर किया। उन 22 जवानों में से कोई जवान नागालैंड से था, तो कोई उत्तर प्रदेश से, कोई तमिलनाडु से, कोई राजस्थान से, कोई तेलंगाना से, तो कोई आसाम से था। मतलब भारत के लगभग सभी क्षेत्र के सैनिक उस सूची में थे। भारत के अलग-अलग हिस्सों के होने के बावजूद, इन सैनिकों ने यहाँ के लोगों की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया।

सम्मेलन में सिंह ने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को मुख्य भाषण भी दिया। रक्षा मंत्री ने वर्तमान जटिल और अस्पष्ट विश्व स्थिति पर जोर दिया जो विश्व स्तर पर सभी को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि हाइब्रिड युद्ध सहित अपरंपरागत और असममित युद्ध भविष्य के पारंपरिक युद्धों का हिस्सा होगा और यह दुनिया के विभिन्न हिस्सों में हो रहे हालिया संघर्षों में स्पष्ट है। इससे यह जरूरी हो गया है कि सशस्त्र बलों को इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखना चाहिए।₹ योजना बनाना और वैश्विक लोगों को शामिल करने के लिए रणनीति तैयार करना, वर्तमान के साथ-साथ अतीत में भी हुआ, ताकि क्षति नियंत्रण को रोका जा सके।

बैठक में एलएसी पर संवेदनशील स्थिति का जायजा लिया गया, खासकर लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में जहां दोनों पक्ष नियमित आधार पर गतिरोध और आमने-सामने हो रहे हैं। सम्मेलन दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है. पहला चरण गंगटोक में 10-11 अक्टूबर, 2024 तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण दिल्ली में 28-29 अक्टूबर, 2024 तक निर्धारित है। रक्षा अधिकारियों ने एएनआई को बताया कि यह पहली बार है कि शीर्ष सेना कमांडरों की महत्वपूर्ण बैठक वास्तविक नियंत्रण रेखा के करीब किसी स्थान पर होगी।

# आतंकवाद वैश्विक शांति के लिए गंभीर चुनौती, यह युद्ध का युग नहीं है...

### पीएम मोदी ने किया सहयोग का आग्रह किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लाओस में 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन को संबोधित किया और इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद वैश्विक शांति के लिए एक गंभीर खतरा है। उन्होंने यह भी कहा कि मानवता में विश्वास रखने वाली ताकतों को इससे निपटने के लिए आपसी सहयोग से काम करना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा, ₹आतंकवाद वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए भी एक गंभीर चुनौती है। इसका सामना करने के लिए मानवता में विश्वास रखने वाली ताकतों को मिलकर काम करना होगा। साथ ही साइबर, समुद्री और अंतरिक्ष के क्षेत्रों में आपसी सहयोग को भी मजबूत करना होगा।₹

### दक्षिण चीन सागर में शांति, सुरक्षा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में तूफान यागी से प्रभावित लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्वतंत्र, मुक्त, समावेशी, समृद्ध और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत पूरे क्षेत्र की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है। दक्षिण चीन सागर में शांति, सुरक्षा और स्थिरता पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र के हित में है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा हमारा मानना ??है कि समुद्री गतिविधियां



यूएनसीएलओएस के तहत संचालित की जानी चाहिए; नौवहन, वायु क्षेत्र की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना आवश्यक है। प्रधानमंत्री मोदी हम म्यांमा की स्थिति पर आसियान के दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं। हमारा मानना है कि मानवीय सहायता जारी रखना महत्वपूर्ण है। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में चल रहे संघर्षों का सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव ग्लोबल साउथ के देशों पर पड़ रहा है। चाहे यूरेशिया हो या पश्चिम एशिया, हर कोई चाहता है कि जल्द से जल्द शांति और स्थिरता बहाल होनी चाहिए।

### मैं बुद्ध की धरती से आता हूं, बार-बार कहता रहा हूं कि यह युद्ध का युग नहीं है

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं बुद्ध की धरती से आता हूं, बार-बार कहता रहा हूं कि यह युद्ध का युग नहीं है। समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदान से नहीं निकल सकता। संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता, अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान जरूरी। संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता देनी होगी। आतंकवाद वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती है। इसका सामना करने के लिए मानवता में विश्वास रखने वाली ताकतों को मिलकर काम करना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा, मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता देनी होगी। विश्वबधु का दायित्व निभाते हुए भारत इस दिशा में हरसंभव योगदान देता रहेगा।

### संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता देनी होगी

उन्होंने कहा, संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान करना जरूरी है, संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता देनी होगी।

## बंगाल में चिकित्सकों का आंदोलनः आईएमए ने ममता को लिखा पत्र; कहाः सुरक्षा जरूरी चीज

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से कोलकाता में भूख हड़ताल पर बैठे कनिष्ठ चिकित्सकों की समस्याओं का समाधान करने का बृहस्पतिवार को आग्रह किया और कहा कि कामकाज के लिए सुरक्षित वातावरण की मांग विलासिता नहीं बल्कि एक जरूरी चीज है। बनर्जी को लिखे पत्र में आईएमए ने कहा कि युवा चिकित्सकों को भूख हड़ताल शुरू किए हुए लगभग एक सप्ताह हो गया है और उनकी मांग पर तत्काल ध्यान दिए जाने की आवश्कता है। कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के कनिष्ठ चिकित्सक अपनी एक सहकर्मी से कथित बलात्कार और उसकी हत्या की हालिया घटना के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल को बृहस्पतिवार को पांच दिन हो गए। आईएमए ने कहा कि वह प्रदर्शनकारी चिकित्सकों की उचित मांगों का समर्थन करती है। आईएमए ने कहा, शांतिपूर्ण माहौल और सुरक्षा कोई विलासिता नहीं है। यह एक जरूरी चीज है। हम आपसे अपील करते हैं कि आप सरकार की मुखिया होने के नातेयुवा पीढ़ी के चिकित्सकों की समस्याओं को सुलझाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत की रेलवे सुरक्षा में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है कवच

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारतीय रेलवे, भारत के परिवहन नेटवर्क की जीवन रेखा है। शुरूआत से इस विशाल नेटवर्क ने देश की वृद्धि और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसी के साथ ये बड़े और भयावह हादसों का भी प्रतीक रहा है। अतीत से लेकर अब तक भारतीय रेलवे ने कई दुखद दुर्घटनाएं देखी हैं, जिसमें अनगिनत लोगों की जान जा चुकी हैं। रेलवे को इन हादसों से मुक्त करने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में सरकार ने आरडीएसओ की मदद से कवच नामक एक स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली विकसित की है, जिससे हादसों पर रोक लगेगी।

#### क्या है कवच?

भारतीय रेलवे ने मानवीय भूल से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए 'कवच' (ट्रेन टक्कर परिहार प्रणाली) नामक एक स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली विकसित की है। भारतीय रेलवे ने इसे आरडीएसओ (अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन) के माध्यम से विकसित किया है। इस पर 2012 में काम शुरू हुआ था। इस प्रणाली को विकसित करने के पीछे रेलवे का उद्देश्य ट्रेन दुर्घटनाओं को रोकना था। इसका पहला ट्रायल साल 2016 में किया गया था।

# नासिक में ट्रेनिंग के दौरान फटा तोप का गोला, दो अग्निवीरों की मौत, जांच जारी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

मुंबई , शुक्रवार को महाराष्ट्र के नासिक जिले में आर्टिलरी सेंटर में फायरिंग अभ्यास के दौरान एक भारतीय फील्ड गन का गोला फटने से दो अग्निवीरों की मौत हो गई। मृतक अग्निवीरों की पहचान गोहिल विश्वराज सिंह (20) और सैफत शीत (21) के रूप में की गई है। एक अधिकारी के मुताबिक, अग्निवीरों की एक टीम भारतीय फील्ड गन से फायरिंग कर रही थी, तभी एक गोला फट गया। दोनों को चोटें आईं और उन्हें देवलाली के एमएच अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारी ने कहा कि हवलदार अजीत कुमार की शिकायत के आधार पर, देवलाली कैंप पुलिस में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।



14 जून, 2022 को घोषित अग्निपथ योजना का लक्ष्य 17.5 से 21 वर्ष की आयु के युवाओं को प्रशिक्षण सहित चार साल की अवधि के लिए सशस्त्र बलों में भर्ती करना है। इस योजना के तहत, अग्निवीरों को चार साल की सेवा के लिए भारतीय सेना, वायु सेना और नौसेना में शामिल किया जाता है। इस अवधि के बाद 25 प्रतिशत अग्निवीर स्थायी रूप से भारतीय सेना में भर्ती हो जाते हैं। अग्निवीरों को पहले साल में लगभग 4.76 लाख रुपये का शुरूआती पैकेज मिलता है, जो चौथे वर्ष तक बढ़कर लगभग 6.92 लाख रुपये हो जाता है। प्रत्येक अग्निवीर को अपने मासिक वेतन का 30 प्रतिशत सेवा निधि में योगदान करना होता है, जिसमें सरकार का भी उतना ही योगदान होता है।

इस योजना में अग्निवीरों के लिए 48 लाख रुपये का गैर-अंशदायी जीवन बीमा कवर शामिल है। सेवा के दौरान मृत्यु होने पर 44 लाख रुपये की अतिरिक्त अनुग्रह राशि प्रदान की जाती है, और सेवा निधि में संचित राशि परिवार को प्राप्त होगी। हालांकि, इसके शुरूआत से ही योजना को लेकर विवाद जारी है। इस योजना को लेकर राजनीति भी खूब होती है।

# हरियाणा में कड़वे अनुभव के बाद मायावती ने बदल लिया मन!

## अब कभी किसी भी पार्टी से नहीं होगा गठबंधन

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी किसी भी क्षेत्रीय दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी। उनकी घोषणा हाल ही में संपन्न हरियाणा विधानसभा चुनावों में पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद हुई, जिसमें उन्होंने एक क्षेत्रीय पार्टी के साथ लड़ाई लड़ी और एक भी सीट नहीं जीत सकी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा और कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधनों से भी उनकी दूरी बरकरार रखेगी।





उत्तर प्रदेश के चार बार के पूर्व मुख्यमंत्री ने हिंदी में पोस्ट की एक श्रृंखला में कहा कि यूपी सहित दूसरे राज्यों के चुनाव में भी बीएसपी का वोट गठबंधन की पार्टी को ट्रांसफर हो जाने किन्तु उनका वोट बीएसपी को ट्रांसफर कराने की क्षमता उनमें नहीं होने के कारण अपेक्षित चुनाव परिणाम नहीं मिलने से पार्टी कैडर को निराशा व उससे होने वाले मूवमेन्ट की हानि को बचाना जरूरी। उन्होंने आगे कहा कि इसी संदर्भ में हरियाणा विधानसभा के चुनाव परिणाम व इससे पहले पंजाब चुनाव के कड़वे अनुभव के मद्देनजर आज हरियाणा व पंजाब की समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय पार्टियों से भी अब आगे गठबंधन नहीं करने का निर्णय, जबकि भाजपा/एनडीए व कांग्रेस/इण्डिया गठबंधन से दूरी पहले की तरह ही जारी रहेगी।

बसपा प्रमुख ने कहा कि देश की एकमात्र प्रतिष्ठित अम्बेडकरवादी पार्टी बीएसपी व उसके आत्म-सम्मान व स्वाभिमान मूवमेन्ट के कारवाँ को हर प्रकार से कमजोर करने की चौतरफा जातिवादी कोशिशें लगातार जारी हैं, जिस क्रम में अपना उद्धार स्वंय करने योग्य व शासक वर्ग बनने की प्रक्रिया पहले की तरह ही जारी रखनी जरूरी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बीएसपी विभिन्न पार्टियों/संगठनों व उनके स्वार्थी नेताओं को जोड़ने के लिए नहीं, बल्कि बहुजन समाज के विभिन्न अंगों को आपसी भाईचारा व सहयोग के बल पर संगठित होकर राजनीतिक शक्ति बनाने व उनको शासक वर्ग बनाने का आन्दोलन है, जिसे अब इधर-उधर में ध्यान भटकाना अति-हानिकारक है।

बसपा ने हरियाणा चुनाव इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) के साथ गठबंधन में लड़ा था। चुनाव आयोग के अनुसार, 90 सदस्यीय विधानसभा सदन में, भाजपा ने 48 सीटें जीतकर ऐतिहासिक तीसरी बार कार्यकाल प्राप्त किया, जबकि कांग्रेस 37 और इनेलो केवल दो सीटों पर जीत हासिल कर पाई, जबकि तीन सीटें निर्दलीय उम्मीदवारों को मिलीं।

## सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ी मिली युवती

**पुलिस ने प्राथमिक उपचार कराने के बाद पहुंचा मातृ छाया आश्रम,**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में शुक्रवार सुबह एक विक्षिप्त युवती घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ी मिली। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उसका इलाज करने के बाद बंथरा इलाके के मातृ छाया आश्रम पहुंचा दिया। सरोजनीनगर पुलिस के मुताबिक शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे उसे इलाके के शहीद पथ स्थित बेहसा गांव के पास सड़क किनारे करीब (35) वर्षीय विक्षिप्त युवती के अचेत अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उसे सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। लेकिन वहां से उसे लोक बंधु अस्पताल रेफर कर दिया गया। लोक बंधु अस्पताल में उसका प्राथमिक उपचार कराने के बाद पुलिस ने उसे विक्षिप्त महिलाओं की देख रेख करने वाले बंथरा के लोनहा स्थित मातृ छाया आश्रम पहुंचा दिया। पुलिस का कहना है कि उसकी चोटों से लग रहा था कि दो-चार दिन पहले वह सड़क दुर्घटना में घायल हुई होगी।

## ईओ की शह पर ठेकेदार ने आनन-फानन में सरकारी जमीन पर रास्ते का किया निर्माण

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना की धनराशि से मुस्लिम कब्रिस्तान के नाम पर अवैध प्लाटिंग कंपनियों से साठ-गांठ कर मोहनलालगंज के मऊ गांव में स्थित बेशकीमती सरकारी भूमि से लाखों की लागत से सीसी मार्ग के निर्माण का नियमो को दरकिनार कर ईओ ने ट्रेडर उठा दिया।भाजपा सभासद हिमांशु तिवारी ने सरकारी धन के दुरूपयोग के मामले की एसडीएम बृजेश वर्मा समेत उच्चाधिकारियो से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।एसडीएम ने पूरे मामले में ईओ को स्पष्टीकरण मांगा है।नगर पंचायत मोहनलालगंज के मऊ गांव में राजस्व अभिलेखों में दर्ज सरकारी भूमि गाटा संख्या 1732 जो सड़क किनारे स्थित है के ठीक पीछे गाटा संख्या 1733, 1734, 1745क, 1736, 1737,1738,1741 से 1744 आदि में अवैध रूप से निजी प्लाटिंग कंपनियों द्वारा प्लाटिंग की जा रही है। प्लाटों में जाने का कोई रास्ता अभिलेखों में दर्ज नहीं है। इसके बावजूद अवैध प्लाटिंग कम्पनियों के संचालकों ने राजस्वकर्मियों व नगर पंचायत की मिली भगत से बीते लगभग एक वर्ष से बेशकीमती सरकारी भूमि गाटा संख्या 1732 से अवैध रास्ता बनाकर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। ग्रामीणों की शिकायत पर गत 30 जुलाई को उपजिलाधिकारी द्वारा नायब तहसीलदार मोहनलालगंज भानु प्रकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में गठित राजस्व टीम एवं नगर पंचायत कर्मचारी की उपस्थिति में अवैध रास्ते का अतिक्रमण हटाकर रास्ता ध्वस्त कराकर अवैध कब्जा की रक्षा हेतु नगर पंचायत के सुपुर्द किया गया।उधर गत सितंबर को नगर पंचायत मोहनलालगंज द्वारा अवैध प्लाटिंग कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए मुस्लिम कब्रिस्तान के नाम पर मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत 16 लाख 79 हजार की धनराशि से सीसी मार्ग के निर्माण का टेंडर निकाल दिया गया। ठेकेदार ने आनन-फानन में सरकारी भूमि गाटा संख्या 1732 से रास्ता बनाने का काम शुरू कर दिया। भाजपा सभासद हिमांशु तिवारी ने प्रापर्टी डीलरो को लाभ पहुंचाने के लिये ईओ पर सरकारी धन के दुरूपयोग का आरोप लगाते हुये एसडीएम समेत उच्चाधिकारियो व सीएम जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। उपजिलाधिकारी बृजेश वर्मा ने ईओ मनीष राय से संपूर्ण प्रकरण पर तीन कार्य दिवस के अंदर लिखित रूप में साक्ष्यों सहित स्पष्टीकरण मांगा है कि सरकारी भूमि से बिना शासन की अनुमति के किस आधार पर रास्ता स्वीकृत किया गया है।ग्रामीणो का आरोप है तीन दिनो की छुट्टी होने का फायदा उठाकर ईओ की शह पर ठेकेदार ने आनन-फानन सरकारी जमीन पर रास्ते का निर्माण भी शुरू करा दिया है।

## डेंगू से महिला सिपाही की मौत, मैटरनिटी लीव पर थी मृतका

अमन लेखनी समाचार



मृतका पूजा सक्सेना फाइल – फोटो

लखनऊ। विगत डेढ़ माह से महिला कांस्टेबल मातृत्व अवकाश पर थीं. जिसकी डेंगू की चपेट में आने से अचानक इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही पुलिसकर्मियों ने थाने पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। पुलिस के मुताबिक राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद थाने में तैनात महिला सिपाही पूजा सक्सेना (28) की बरेली जनपद के एक निजी अस्पताल में डेंगू की चपेट में आने से इलाज के दौरान मौत हो गई. महिला आरक्षी ने एक महीने पहले बेटे को जन्म भी दिया था. प्रसव के बाद डेंगू की पुष्टि हुई थी. मलिहाबाद थाने में तैनात सभी पुलिसकर्मियों की आंखें नम हो गई. आरक्षी डेढ़ माह से मातृत्व अवकाश पर थीं. महिला आरक्षी बरेली जनपद के एक छोटे से गांव से है। वहीं सिपाही पूजा सक्सेना (28) बरेली के सुभाषनगर थाना क्षेत्र के करगैना की रहने वाली पूजा ने बीते 11 सितंबर को एक बेटे को जन्म दिया था. 2019 बैच की आरक्षी पूजा डेढ़ माह से मातृत्व अवकाश पर थीं. पूजा की पहली पोस्टिंग लखनऊ के निगोहां थाने पर हुई थी. दो वर्ष पूर्व निगोहां से मलिहाबाद स्थानांतरण हुआ था. वह यहां महिला आरक्षी बैरक में रहती थीं. उसकी शादी पिछले वर्ष शाहजहांपुर के सेहरामऊ निवासी अमित सक्सेना से हुई थी.आरक्षी पूजा की मौत की खबर से पुलिस स्टाफ में गम का माहौल है। खुशमिजाज और कर्तव्यनिष्ठ आरक्षी थीं. उनके निधन के बाद आज थाने पर दो मिनट का मौन रखकर सभी पुलिसकर्मियों ने दी श्रद्धांजलि. पति अमित सक्सेना ने बताया कि बेटे के जन्म के बाद पूजा की सेहत काफी बिगड़ने लगी थी. उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया तो मेडिकल रिपोर्ट में डेंगू की पुष्टि हुई थी. जिसके बाद बीती रात महिला कांस्टेबल की एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही पूरे थाने परिसर में सन्नाटा छा गया गमगीन माहौल के बीच समस्त पुलिसकर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

## रफ्तार ने ली जान: तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को मारी ठोकर, युवक ने तोड़ दिया दम

अमन लेखनी समाचार

नगराम। शुक्रवार की रात तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक सवार युवक सलमान 30 वर्ष को जोरदार ठोकर मार दी जिसके कारण बाइक सवार युवक की हालत गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना नगराम पेट्रोल पंप से समेसी की तरफ जाने वाले सड़क पर मोटरसाइकिल यूपी 32 एन एक्स 9517 को ट्रक एन एल 01क्यू 3693 जोरदार ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार सलमान निवासी दुल्हापुर हुसैनाबाद गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल युवक को नगराम सीएचसी भेजा जहां हालत ज्यादा गंभीर होने के कारण ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान युवक सलमान ने दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी विवेक कुमार चौधरी ने बताया ड्राइवर और ट्रक को हिरासत में ले लिया गया है।

## पशु आरोग्य मेला में 428 पशुओं का टीकाकरण हुआ



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ, मोहनलालगंज के कुढ़ा क्षेत्र में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अमरेश कुमार पहुंचे। अमरेश कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और गौ पूजन भी किया। पशुपालन गोष्टी में डॉ राममूर्ति यादव द्वारा पशुधन बीमा योजना और संचारी रोग के विषय में पशुपालकों को जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ कुलदीप द्विवेदी ने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के बारे में पशुपालकों को बताया। इस दौरान गोवंश का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इस आरोग्य मेला में कुल 428 पशुओं का टीकाकरण और उपचार किया गया। इस मौके पर डॉ प्रदीप यादव सुनील सिंह पंकज श्रीवास्तव अरविंद तिवारी, राजवीर सिंह और सूरज मौजूद रहें।

## श्री बंशी बाबा मंदिर प्रांगण में सहायक पुलिस आयुक्त ने ग्रामीण जनता को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज लखनऊ, मोहनलालगंज में पुलिस द्वारा लगातार गांव गांव चौपाल लगाकर ग्रामीण जनता को जागरूक किया जा रहा है इसी क्रम में पुलिस द्वारा शुक्रवार के दिन पुलिस उपायुक्त दक्षिणी केशव कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी राजेश कुमार यादव के पर्यवेक्षण में सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलाल गंज रजनीश वर्मा के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक आलोक राव द्वारा आयोजित मोहनलालगंज क्षेत्र के अंतर्गत मऊ गाँव में बंशी बाबा मंदिर प्रांगण में ₹लखनऊ पलिस आपके द्वार₹ अभियान के तहत चौपाल लगाकर मऊ ग्राम सभा में रहने वाले व्यक्तियों की गोष्टी की गईं एसीपी रजनीश वर्मा व प्रभारी निरीक्षक आलोक राव द्वारा लोगों को बताया कि चोरी के सम्बन्ध में जो अपवाह व भ्रामक खबरे फैली थी उसके सम्बन्ध में जानकारी देते हुए लोगो को जागरुक करते हुए बताया कि किसी के बहकावे में न आयें और ग्रामीणों से अपील की गयी कि नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालो के सम्बन्ध में यदि कोई जानकारी मिले तो तुरन्त पुलिस को सूचना दें इसके साथ ही ग्रामीणों को बताया गया कि पुलिस से अपनी समस्या बताने में घबरायें नहीं अपनी समस्या पुलिस को जरूर बतायें समस्या का हल तुरन्त होने से समस्या बड़ी रूप नहीं लेती है ग्रामीणों को जागरूक करते हुए अपील किया गया कि गांव में किसी भी संदिग्ध या आपराधिक गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दी जाय जिससे किसी भी अनहोनी से तत्काल निपटा जा सके। एसीपी ने कहा की आप लोगों की सुरक्षा ही हमारी प्राथमिकता है सड़क दुर्घटना सम्बन्धित अपराधों की रोकथाम हेतु यातायात नियमों के बारे में लोगो को जागरूक किया गया साथ ही यह बताया गया कि नाबालिग को वाहन न दे त्यौहार में हर कोई खरीदारी करने के मूड में रहता है। अपराधियों द्वारा धोखाधड़ी करने के उद्देश्य से विशेष छूट तथा सीमित समय जैसी पेशकश का ऑफर दिया जाता है जल्दबाजी में शॉपिंग करने से बचने व ऑनलाइन शॉपिंग करते समय सिर्फ अथराइज्ड वेबसाइट से ही शॉपिंग किये जाने के लिए एसीपी ने लोगों में जागरूकता फैलाई व बाजार में सैकड़ों ऐसी वेबसाइट है जो कि ऑनलाइन शॉपिंग के नाम पर लोगो के साथ ठगी करते हैं पेमेंट करते समय अपना ओटीपी या सीवीवी नम्बर किसी से भी शेयर न करें और किसी फर्जी विज्ञापन के झांसे में आकर किसी भी लिंक को क्लिक न करें एवं सस्ता सामान या डिस्काउंट ऑफर देखकर किसी भी रैंडम वेबसाइट से शॉपिंग न करें व चौपाल में मौजूद लोगो से अपने बच्चों को शिक्षा देने हेतु एसीपी व थानाध्यक्ष ने आग्रह किया चौपाल में मौजूद युवाओं को नशे के कारण होने वाली मानसिक व आर्थिक नुकसान के बारे में बताया गया तथा यह भी बताया गया कि नशा शरीर के लिए बेहद खतरनाक है वहीं अपराध का भी मुख्य कारण है। गांवो में फेरी लगाकर जेवर साफ करने वाले अपराध तथा महिला एवं बालिकाओं में होने वाले अपराध, घरेलू हिंसा अन्य अपराधों के बारे में जागरूक किया गया सभी व्यक्तियों से बताया गया कि रात्रि में जो ड्रोन उड़ते हुए नजर आते हैं वह सरकारी कार्य एवं सुरक्षा के दृष्टिगत उड़ाया जाता है किसी व्यक्ति को डरने की जरूरत नहीं है मौजूद संभ्रान्त व्यक्तियों का मोबाइल नम्बर आदान प्रदान किया गया ताकि आपसी संवाद त्वारित और सुलभ हो सके।

## अब टाट-पट्टी नहीं फर्नीचर पर बैठकर पढ़ेंगे प्राथमिक स्कूल के छात्र

**सभी जिलों से मांगा गया ब्योरा**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। परिषदीय प्राथमिक स्कूलों के छात्रों को अब टाट-पट्टी पर पालथी मारकर, कमर व सिर झुकाकर नहीं लिखना पड़ेगा। अब उन्हें भी फर्नीचर उपलब्ध कराया जाएगा। वह डेस्क और बेंच पर आराम से बैठकर पढ़ाई कर सकेंगे। कक्षा एक से कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों की सुविधा के अनुसार इसे बनवाया जाएगा। सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों से इसके लिए ब्योरा मांगा गया है। अभी उच्च प्राथमिक स्कूलों में यह सुविधा है। स्कूली शिक्षा महानिदेशालय की ओर से सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह जल्द इसके संबंध में जानकारी भेजें। कुछ विद्यालयों ने अपने स्तर पर कारपोरेट-सामाजिक दायित्व (सीआरएस) की मदद से फर्नीचर की व्यवस्था की है। विभिन्न कंपनियों व स्वयं सेवी संस्थाओं ने डेस्क-बेंच उपलब्ध कराया है। ऐसे में सभी जिले यह जानकारी देंगे कि कितने स्कूलों में फर्नीचर की व्यवस्था करनी है और वर्तमान में कितने विद्यार्थी पंजीकृत हैं। फिलहाल इसका संपूर्ण ब्योरा जल्द उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए हैं। प्रदेश में कुल 1,11,614 परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में 1,04,93,389 विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। फिलहाल अब इन्हें बड़ी राहत मिलने वाली है। वहीं 45,651 उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में 43,14,803 छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। इन सभी के लिए फर्नीचर उपलब्ध कराया जा चुका है। उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव का कहना है कि ऑपरेशन कायाकल्प में विद्यालयों को बेहतर ढंग से चमकाया गया है और सिर्फ प्राइमरी स्कूलों में छात्रों के लिए फर्नीचर की सुविधा नहीं है।

## रावण ने हनुमान की पूंछ में आग लगाई, हनुमान ने पूरी लंका ही जला दी

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। शहर की रामलीलाएं अपनी अपनी विशेषताओं को लेकर जानी जाती हैं तेलीबाग की रामलीला पर्वतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलती हैं इस क्षेत्र में रामलीला सर्वप्रथम 1987 में कुमाऊं सांस्कृतिक मण्डल के बैनर तले हुई प्रमुख रूप से भैरव दत्त जोशी, माधव राम उपाध्याय, गोपाल सिंह, बसंत बल्लभ तिवारी, के एन भटट, भैरव दत्त फुलारा, डीके तिवारी एवं अन्य ने मिलकर रामलीला की नींव रखी कुमाऊँ सांस्कृतिक मण्डल के बैनर तारे 20 वर्ष रामलीला का आयोजन हुआ उसके बाद क्षेत्र की सभी संस्थाओं को मिलाकर पर्वतीय रामलीला समिति के बैनर तले इसका आयोजन वृहद रूप से किया जाता रहा है उस छोटे से वृक्ष ने आज बहुत बड़ा वट वृक्ष का रूप ले लिया है पर्वतीय रामलीला तेलीबाग द्वारा बृहस्पतिवार को ऋषिमूक पार्वत में सुग्रीव के साथ राम की मित्रता के साथ रामलीला की शुरूआत हुई। बाली और सुग्रीव का भयंकर युद्ध होता है राम द्वारा बाली का वध कर दिया जाता है उसके बाद सुग्रीव को राजा एवं अंगद को युवराज घोषित करते है सभी वानर समुद्र की और सीता की खोज करते-करते पहुँच जाते हैं जमवंत हनुमान जी को उनके शक्ति की याद दिलाते हैं हनुमान जी हवा के वेग से उड़ते हुऐ लंका में प्रवेश करते है। अशोक वाटिका में सीता माता से उनकी मुलाकात होती है। भूख लगने पर हनुमान जी अशोक वाटिका में फल खाने जाते हैं जहाँ पर रावण के पुत्र अक्षय कुमार के साथ युद्ध होता है और अक्षय कुमार मारा जाता। मेघनाथ हनुमान को बांधकर रावण के पास ले जाता हैं रावण पूँछ में आग लगाने का आदेश देता है हनुमान पूरी लंका को जाला देतें हैं और वापस श्री राम के पास आकर सारा वृतांत सुनते हैं और सीता द्वारा दी गई मुद्रीका राम को दिखाते हैं।

## धोखे से प्रापर्टी अपने नाम कराकर बेचने वाली महिला गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज।प्रापर्टी व पैसो के लालची महिला परवीन बानो ने गोसाईगंज के कुतुबपुर गांव निवासी 80वर्षीय बुजुर्ग निहाल अहमद को दो साल पहले प्रेमजाल में फंसाकर निकाह करने के बाद वसीयत के बहाने बुजुर्ग को सबरजिस्टार आफिस ले जाकर उसकी एक बीघा जमीन अपने नाम रजिस्ट्री करा ली ओर कुछ ही दिनो में महिला परवीन ने 17लाख रुपए में जमीन बेचने के बाद घर में रखे हजारो के जेवरात व कीमती सामान लेकर चपंत हो गयी। परेशान बुजुर्ग निहाल खां ने स्थानीय पुलिस से लेकर अफसरो तक के डेढ साल तक बहुत चक्कर लगाये लेकिन कोई कार्यवाही नही हो सकी।जिसके बाद बुजुर्ग ने जालसाज महिला परवीन बानो निवासी मोहद्दीपुर जनपद बाराबंकी व उसके साथियो प्रहलाद व सुशील पर कार्यवाही के लिये न्यायालय की शरण ली तब जाकर न्यायालय के आदेश पर जालसाज महिला व उसके साथियो पर जालसाजी, धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज हुआ।इंस्पक्टर आलोक राव ने बताया बुजुर्ग को प्रेमजाल में फंसाकर शादी रचाकर हनीट्रैप का शिकार बनाने वाली जालसाज महिला परवीन बानो को शुक्रवार को एसएसआई यशवन्त सिंह व महिला उपनिरीक्षक मेघा तिवारी ने पुलिस फोर्स के साथ बाराबंकी जनपद के भैरमपुर के नया पुरवा से गिरफ्तार किया।आरोपी महिला को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## चोरी की अफवाहों से सतर्क रहने की जरूरत है:एसीपी

**मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के मऊ गांव में एसीपी व प्रभारी निरीक्षक ने जनचौपाल लगाकर ग्रामीणो व महिलाओ को जागरूक**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।चोरी की बढ़ती घटनाओ की उड़ रही अफवाहो पर लगाम लगाने को पुलिस सक्रिय हो गई है.शुक्रवार को मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के मऊ गांव में एसीपी रजनीश वर्मा ने प्रभारी निरीक्षक आलोक राव व कस्बा चौकी इंचार्ज वीर बहादुर दुबे की मौजूदगी में जनचौपाल लगाकर साइबर व महिला अपराधो पर ग्रामीणो व महिलाओ को जागरूक किया।एसीपी रजनीश वर्मा ने ग्रामीणो से कहा सोशल मीडिया पर चल रही चोरी की अफवाहों से सतर्क रहने की जरूरत है।उन्होने ग्रामीणो को आश्वस्त करते हुये कहा चिंता की कोई बात नही है।पुलिस आप के साथ है।यदि संदिग्ध परिस्थिति में गांव में घूमता हुआ कोई व्यक्ति अथवा चोर दिखाई दे उसकी पिटाई करने की बजाय पुलिस को सौंपे।उन्होने ग्रामीणो से बच्चो को शिक्षित बनाने व युवाओ से नशा छोड़ने की अपील भी की।एसीपी ने ग्रामीणो व महिलाओ को वुमन पावर लाइन नंबर 1090, डायल-112 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी देने के साथ ही इंटरनेट मीडिया के इस्तेमाल के साथ साइवर खतरों की जानकारी भी बहुत जरूरी है।त्यौहारो में आनलाइन शापिंग करने पर विशेष छूट समेत लुभवाने विज्ञापन सोशल मीडिया पर देकर भी साइबर अपराधी आप को ठगी का शिकार बना सकते है।इस लिए आनलाइन शापिंग करते समय सतर्क रहे।अनजान नंबर या अनजान एप से वीडियो काल रिसीव न करें। किसी भी व्यक्ति के कहने पर मोबाइल में रिमोट एक्सेस ऐप या अन्य कोई एप डाउनलोड न करें। केवाईसी अपडेट के नाम पर किसी को भी लिक अथवा ओटीपी शेयर न करें।गांवो के ऊपर रात्रि में उड़ने वाले ड्रोन कैमरो से डरे ही क्यो कि ड्रान सरकारी कार्य व सुरक्षा की दृष्टि से उड़ाये जा रहे है।सड़क दुर्घटनाओ को रोकने के लिये ग्रामीणो को यातायात नियमो को बारे में बताया।एसीपी ने जनचौपाल में ग्रामीणों की शिकायतो को भी सुना।उन्होने ग्रामीणो को अपना सीयूजी मोबाइल नम्बर देते हुये किसी भी समस्या पर तत्काल फोन करने की बात कही।इस मौके पर पूर्व प्रधान प्रदीप कुमार गुप्ता,सभासद हिमांशु तिवारी,अरूणेश प्रताप सिंह,बराती मिश्रा, गुड्डू तिवारी,इकबाल अहमद, नितुल शर्मा, आशीष द्विवेदी,राजू कुरैशी समेत काफी संख्या में ग्रामीण व महिलाये मौजूद रही।

## महिला एवं बाल विकास विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा निर्गत कार्यक्रम



**मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5 के अंतर्गत माह अक्टूबर से माह दिसंबर का शुभारंभ**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कार्ययोजना की थीम अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस राजकीय बालिका गृह, सिंधी खेड़ा, पारा एवं राजकीय शिशु ग्रह, प्राग नारायण रोड पर कन्या पूजन करके मनाया गया। राजकीय बालिका मे महिला कल्याण विभाग निदेशक, संदीप कौर द्वारा संस्था के बच्चों को कैप,टी-शर्ट, बैंड, किताबें भेंट दी कार्यक्रम में उपनिदेशक महिला कल्याण, पुनीत मिश्रा, उप मुख्य परिवीक्षा अधिकारी,लखनऊ मंडल,प्रवीण कुमार त्रिपाठी, डॉ0 सुदर्शन एवं अधिक्षिका सफलता उपस्थित रहे। राजकीय शिशु ग्रह में राज्य बाल आयोग सदस्या डॉ0 सुचिता चतुर्वेदी एवं संस्था अधिक्षिका रीता टमटा , यूनिसेफ कोऑर्डिनेटर रिजवाना, संरक्षण अधिकारी सूर्यकांत चौरसिया उपस्थित रहे।

## ट्रेन के आगे कूदकर महिला ने दी जान: चार टुकड़ों में बंट गया शरीर

अमन लेखनी समाचार



मृतका श्रीमती फाइल – फोटो

लखनऊ। अज्ञात कारणों के चलते महिला ने ट्रेन के आगे कूद कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त कराकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम दिलावर नगर निवासी चंद्रपाल की पत्नी श्रीमती (40) बृहस्पतिवार को अपने मायके टिकैतगंज काकोरी जाने की बात कह कर घर से निकली थी। तभी कुछ घंटे बाद जानकारी मिली की। श्रीमती ने अज्ञात करणों के चलते मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम महमूद नगर के पास से गुजरे रेलवे ट्रैक पर सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रेन के आगे कूद कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जिसका शरीर चार टुकड़ों में बंट गया। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त कराकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शुक्रवार को मृतका का शव घर पहुंचते ही परिवार में मची चीख पुकार दोपहर बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। मृतका के परिवार में पति चंद्रपाल, बेटी प्रियांशी, बेटा प्रियांशु है. जिनका रो-रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में मलिहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सम्पादकीय

# विस चुनावों के जनादेश में सबके लिए संदेश

दो राज्यों में विधानसभा चुनाव के नतीजे में जनता ने स्पष्ट जनादेश दिया। त्रिशंकु मैंडेट की संभावना नहीं बनने दी। करीब दस वर्ष बाद जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए, यहां जनता ने नेशनल कान्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को पूर्ण बहुमत दिया, तो हरियाणा ने सभी चुनावी पंडितों को चौंकाया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सटे हरियाणा ने अपनी स्थापना के 58 साल में पहली बार इतिहास रचा, जिसमें किसी पार्टी को लगातार तीसरी बार जनादेश मिला। यहां भाजपा ने सत्ता की हैट्रिक लगाकर एंटीइन्कम्बेंसी के फैक्टर को धराशायी कर दिया। लगातार तीन बार सत्ता हासिल करने वाली भाजपा प्रदेश की पहली पार्टी बन गई है। बड़ी बात है कि वर्ष 2014 की मोदी लहर के दौर से भी अधिक सीट भाजपा को वर्ष 2024 में मिली। वर्ष 2014 में भाजपा ने 47 सीट के साथ पूर्ण बहुमत हासिल किया था, तो इस बार 48 सीट लेकर बहुमत प्राप्त किया है। दोनों ही राज्यों के एग्जिट पोल झूठे साबित हुए। एग्जिट पोल जहां जम्मू-कश्मीर में त्रिशंकु विधानसभा का दावा कर रहा था, वहीं हरियाणा में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत का आंकड़ा दिखा रहा था। जम्मू-कश्मीर में जनता ने जहां अलगाववादी ताकतों के हिमायती दलों को नकार दिया है, वहीं विकासवादी व शांति के हिमायती दलों को मौका दिया है। संविधान के अनुच्छेद-370 के अधिकांश प्रावधान के हटने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव था, इसमें भाजपा को जम्मू रीजन में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। फारूक अब्दुल्ला की पार्टी जेके नेशनल कान्फ्रेंस के गठबंधन को कश्मीर रीजन के अलावा जम्मू रीजन में भी सफलता मिली। इस सीमाई राज्य में हो सकता है आने वाले वक्त में नेशनल कान्फ्रेंस व भाजपा की करीबी बढ़े, वह इसलिए कि पूर्ण राज्य नहीं होने से केंद्र व राज्य शासन के बीच टकराव की स्थिति न बने। इस चुनाव नतीजे में भाजपा के लिए सबक है कि वह यहां पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने में देर न करे। हरियाणा में कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अपने मनमाफिक बिसात बिछाई थी, वे कांग्रेस की जीत के प्रति आश्वस्त थे, लेकिन हुड्डा एक बार फिर हरियाणा में भाजपा के चक्रव्यूह को नहीं भेद सके। वर्ष 2014 में हुड्डा ने भाजपा के हाथों सत्ता गंवाई थी, वर्ष 2019 में उनके चुनावी नेतृत्व में कांग्रेस 31 का आंकड़ा ही छू सकी थी और इस बार पूरी ताकत लगाने के बावजूद वे कांग्रेस को केवल 37 सीट दिलाने में ही कामयाब रहे, सत्ता इस बार भी उनसे दूर छिटक गई। अग्निवीर, पहलवान, किसान और रेवड़ी घोषणा पत्र कांग्रेस के काम नहीं आए। अब हरियाणा में कांग्रेस को नेता, नीति और नीयत तीनों ही मोर्चे पर काम करना होगा। भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के कंधे पर कांग्रेस लगातार कमजोर होती गई है। हरियाणा को लेकर राहुल गांधी को अपनी रणनीति में बदलाव करना होगा। भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग के आगे कांग्रेस के जातिगत समीकरण भी फेल हो गए। भाजपा ने कम अनुभवी नए नवेले नायब सैनी के चेहरे के साथ कमाल का प्रदर्शन किया। भाजपा टीम की तरह एकजुट होकर लड़ी, संघ का पूरा साथ मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता ने समां बनाने में मदद की। भाजपा की यह जीत उसके दस वर्ष के कामकाज की भी विजय है। जनता ने एक बार फिर से भरोसा जता कर भाजपा की हरियाणा के प्रति जिम्मेदारी को बढ़ा दिया है। इस जीत का संदेश महाराष्ट्र, झारखंड तक जाएगा, दिल्ली प्रदेश के विस चुनाव पर भी असर पड़ेगा। दोनों चुनावों में लोकतंत्र ने अपनी ताकत दिखाई है।

# हरियाणा-कश्मीर के नतीजे के बड़े मायने



विधानसभा चुनाव
उमेश चतुर्वेदी

**हरियाणा को लेकर मीडिया और एग्जिट पोल ने ऐसा माहौल रचा, मानो बीजेपी वहां आखिरी सांसें गिन रही हो। किसी भी एग्जिट पोल ने बीजेपी को 25 से ज्यादा सीटें जीतते नहीं दिखाया। लेकिन हकीकत इसके ठीक उलट रही। 2019 में बहुमत के लिए तरसती रही बीजेपी इस बार पूर्ण बहुमत के साथ दमदार तरीके से लौटी है। हरियाणा की जीत से बीजेपी जहां उत्साहित रहेगी, वहीं जम्मू-कश्मीर में बहुमत न हासिल कर पाने के चलते भारत विरोधी ताकतों के निशाने पर रहेगी। बीजेपी का एक धड़ा मान रहा है कि पार्टी की आपसी गुटबाजी और गलत टिकट बंटवारा पार्टी की सफलता की राह में बाधा बन गया। फिर भी बीजेपी को सोचना होगा कि आखिर उससे चूक कहां हुई।**

जम्मू और कश्मीर राज्य एवं राम मंदिर में क्या कोई समानता हो सकती है? मोटे तौर पर देखें तो इनमें कोई समानता नहीं हो सकती। लेकिन जब भारतीय जनता पार्टी के संदर्भ में दोनों को ही देखें तो समानता नजर आती है। राममंदिर और जम्मू-कश्मीर, भारतीय जनता पार्टी के कोर मुद्दे रहे हैं। लेकिन चुनावी मोर्चे पर दोनों ही मुद्दे कम से कम स्थानीय स्तर पर भाजपा को निराश ही करते रहे हैं। संविधान के अनुच्छेद 370 और कैबिनेट के प्रस्ताव 35 ए की वजह से जम्मू-कश्मीर की स्थिति देश के अन्य राज्यों से अलग रही है। यह अलग स्थिति ही वहां के अलगाववाद की नासूर का कारण मानी जाती रही है। भारतीय जनता पार्टी ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करके एक तरह से इस नासूर को ही खत्म कर दिया। ऐसे में इसका चुनावी श्रेय भारतीय जनता पार्टी को मिलने की उम्मीद होना स्वाभाविक है। लेकिन विधानसभा चुनाव नतीजों ने पार्टी को निराश ही किया है। यहां पर राममंदिर आंदोलन और उस बीच हुए उत्तर प्रदेश के चुनावों की याद आना स्वाभाविक है।

छह दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद अव्वल तो होना चाहिए था कि आगामी चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को अपने दम पर भारी जीत मिलती। लेकिन 1993 के विधानसभा चुनावों में भाजपा सबसे बड़ा दल बनकर भले ही उभरी, लेकिन वह बहुमत से दूर रही। जनवरी 2024 में अयोध्या में भव्य राममंदिर बनकर तैयार हो गया। देश और दुनिया में राममंदिर को लेकर अलग तरह का उत्साह देखा गया। पांच सौ वर्षों के संघर्ष का अंत हुआ। इस संघर्ष की अगुआ भारतीय जनता पार्टी ही रही। इसलिए इस संघर्ष का उसे चुनावों में फायदा मिलना चाहिए था। लेकिन उलटबांसी देखिए कि कुछ ही महीनों बाद हुए लोकसभा चुनावों में अयोध्या वाली फैजाबाद सीट भारतीय जनता पार्टी हार गई। इस कड़ी में कोर मुद्दे से जुड़े इलाके जम्मू-कश्मीर में बीजेपी को चुनावी बढ़त ना मिलना, पार्टी के लिए तीसरा झटका कहा जा सकता है। जम्मू-कश्मीर में जिस नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को बहुमत मिला है, उसका चुनावी वादा है कि राज्य की पुरानी स्थिति बहाल करेंगे यानी अनुच्छेद 370 को फिर से प्रभावी बनाएंगे। यह बात और है कि इस महत्वपूर्ण अनुच्छेद की बहाली जम्मू-कश्मीर की आधी-अधूरी विधानसभा के वश की बात नहीं है। लेकिन इस जीत के जरिए नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस नैतिक रूप से राष्ट्रीय स्तर पर दबाव बनाने की कोशिश तो जरूर ही करेंगी। वैसे भी भारत की राजनीति आज जिस मुकाम पर है, उसमें राजनीतिक दलों को सिर्फ अपने सियासी स्वार्थ और फायदे की चिंता है। उनकी प्राथमिकता में राष्ट्र बाद में आता है। वैसे जम्मू-कश्मीर में बीजेपी की हालत बहुत खराब भी नहीं कही जा सकती। लेकिन हरियाणा में जिस तरह उसने धमाकेदार जीत दर्ज की है, उससे राजनीतिक विश्लेषक चकित हैं। बीजेपी विरोधी आख्यान रचने वाला वर्ग तो इसके पीछे ईवीएम की साजिश पर चर्चा करने की तैयारी में है। हालांकि कांग्रेस के सिपहसालार बने चुनाव विश्लेषक योगेंद्र यादव ने इसे नकार दिया है। उनका कहना है कि कांग्रेस को सोचना होगा कि उसकी रणनीति में कहां चूक हो रही है। हरियाणा को लेकर मीडिया और एग्जिट पोल ने ऐसा माहौल रचा, मानो



बीजेपी वहां आखिरी सांसें गिन रही हो। किसी भी एग्जिट पोल ने बीजेपी को 25 से ज्यादा सीटें जीतते नहीं दिखाया। लेकिन हकीकत इसके ठीक उलट रही। 2019 में बहुमत के लिए तरसती रही बीजेपी इस बार पूर्ण बहुमत के साथ दमदार तरीके से लौटी है।

दरअसल कांग्रेस की पूरी राजनीति राज्य के मुखर और दबंग जाट समुदाय के इर्द-गिर्द ही घूमती रही। राज्य में जाट समुदाय की आबादी करीब 23 फीसद है। भूपिंदर सिंह हुड्डा की अगुआई में कांग्रेस ने राज्य में 28 जाटों को उम्मीदवार बनाया, बल्कि सत्ता विरोधी आख्यान का शिकार रही बीजेपी ने महज सोलह जाट उम्मीदवार ही उतारे। उसने राज्य के 35 फीसद ओबीसी समुदाय और अपने पारंपरिक वोटर ब्राह्मण, बनिया, पंजाबी और यादव वोटरों पर ज्यादा ध्यान केंद्रित किया। कांग्रेस को उम्मीद थी कि जाट और करीब 21 फीसद वाले दलित वोटरों का उसे समर्थन मिलेगा। लेकिन वह यहां पर चूक गई। किस समुदाय का किस पार्टी को कितना वोट मिला, इसका सटीक विश्लेषण तो बाद में होगा। लेकिन मोटे तौर पर लगता है कि जमीनी स्तर पर संघ और बीजेपी के कार्यकर्ताओं की मेहनत के साथ ही ओबीसी समुदाय के बड़े हिस्से के साथ ने पार्टी की राह आसान कर दी।

हरियाणा की जीत से बीजेपी जहां उत्साहित रहेगी, वहीं जम्मू-कश्मीर में बहुमत न हासिल कर पाने के चलते भारत विरोधी ताकतों के निशाने पर रहेगी।

ये ताकतें यह नैरेटिव स्थापित करने की कोशिश करेंगी कि जम्मू-कश्मीर की मौजूदा स्थिति उसकी अवाम को ही स्वीकार्य नहीं है। इस बहाने घूम-फिरकर उसी तर्क को बढ़ावा दिया जाएगा, जो पाकिस्तान देता रहा है। जिसकी वकालत नेशनल कांफ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी जैसे दल भी करते रहे हैं। पाकिस्तान कश्मीर को लेकर जनमत संग्रह की बात करता रहा है तो नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी प्रकारांतर से पाकिस्तानी मंशा को ही आगे बढ़ाते रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में भाजपा की चुनावी जीत न मिलने के बाद वे फिर भाजपा के नजरिए को गलत साबित करने की कोशिश करेंगे। जिस घाटी में पत्थरबाजी रुक गई, जहां आतंकी घटनाओं पर लगाम लगी, जहां ढाई दशक से पहले की तरह पर्यटकों की आमद बढ़ी, जहां अमन बढ़ा, वहां के लोग खुलकर कहते रहे कि उन्हें हिंदू राज नहीं चाहिए। नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली सरकार की वजह से उन्हें ये सारी सहूलियतें मिलीं, राज्य में बदलाव आया।

विकास की नई बयार बही। घाटी के लोगों को न तो नरेंद्र मोदी पसंद हैं और न ही भारतीय जनता पार्टी। फिर कश्मीर घाटी में नवगठित विधानसभा की 47 सीटें आती हैं, जबकि जम्मू इलाके में 43 सीटें हैं। घाटी की सीटों पर भाजपा की चुनावी संभावनाओं की कोई उम्मीद भी नहीं लगाए हुए था। चुनावी अभियान के दौरान वोटरों के जो विचार सामने आ रहे थे, उससे ऐसे ही चुनाव नतीजों की उम्मीद थी। वैसे भी घाटी की 28 सीटों पर बीजेपी ने अपने उम्मीदवार भी नहीं दिए थे। जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय का आंदोलन जिस प्रजा मंडल ने चलाया, उसका आधार जम्मू इलाके में ही रहा। वह एक तरह से भाजपा के पूर्ववर्ती जनसंघ का ही हिस्सा था। देश मान कर चल रहा था कि जम्मू इलाके की 43 सीटों में ज्यादातर पर बीजेपी की जीत होगी। लेकिन वहां बीजेपी 29 सीटें ही जीत पाई। जाहिर है कि 14 सीटों पर उसे हार का सामना करना पड़ा। वैसे बीजेपी का एक धड़ा मान रहा है कि पार्टी की आपसी गुटबाजी और गलत टिकट बंटवारा पार्टी की सफलता की राह में बाधा बन गया। वैसे पार्टी के लिए संतोष की बात यह भी है कि घाटी की कई सीटों पर उसके उम्मीदवार हजार-दो हजार वोटों के ही अंतर से हारे हैं...फिर भी बीजेपी को सोचना होगा कि आखिर उससे चूक कहां हुई कि अपने गढ़ में वह शत-प्रतिशत सफलता हासिल क्यों नहीं कर पाई।

## स्वास्थ्य

डॉ. सत्यवान सौरभ



# एंटीबायोटिक प्रतिरोध 21वीं सदी का महामारी खतरा

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वैश्विक स्वास्थ्य के लिए शीर्ष 10 खतरों को जारी किया, जिनमें से एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध (एआर) का बहुत बड़ा योगदान है। यह तपेदिक दवा प्रतिरोधी सूक्ष्म जीव के कारण हर साल 1.6 मिलियन मौतों के साथ है। एनवायरनमेंट इंटरनेशनल जर्नल द्वारा 'उच्च आर्कटिक मिट्टी के पारिस्थितिकी तंत्र में एंटीबायोटिक प्रतिरोध जीन के चालकों को समझना' अध्ययन से पता चलता है कि कुल 131 एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी जीन (एआरजी) सामग्री का पता चला था, जिनमें से ब्लेन्डम -1 जीन, जो पहली बार 2008 में भारत में सतही जल में पाया गया था, केवल 11 वर्षों में आर्कटिक में फैल गया है। यह दर्शाता है कि एंटीबायोटिक प्रतिरोध 21वीं सदी का एक नया महामारी खतरा है। यह अब एक स्थानीय समस्या नहीं है और इसे वैश्विक स्वास्थ्य चिंता के रूप में देखा जाना चाहिए। 'एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस बेंचमार्क' नामक एक रिपोर्ट में कहा गया है कि सालाना एआर बैक्टीरिया के कारण दुनियाभर में 700,000 मौतें होती हैं। भारत में एंटीबायोटिक की खपत में वृद्धि देखी गई है - 2000 की तुलना में 2015 में लगभग 65 प्रतिशत, जबकि इसी अवधि में खपत की दर 3.2 से बढ़कर 6.5 बिलियन दैनिक निर्धारित खुराक (डीडीडी) हो गई है। जैविक और सामाजिक दोनों कारणों से सूक्ष्मजीव दवाओं के प्रति प्रतिरोधी बन सकते हैं। जैसे ही वैज्ञानिक कोई नई रोगाणुरोधी दवा पेश करते हैं, इस बात की अच्छी संभावना होती है कि वह किसी समय पर अप्रभावी हो जाएगी। यह मुख्य रूप से सूक्ष्मजीवों के भीतर होने वाले परिवर्तनों के कारण होता है। कुछ दवाओं के उपयोग के लिए सिफारिशों का पालन न करने से रोगाणुरोधी प्रतिरोध का जोखिम बढ़ सकता है। डॉक्टर कभी-कभी रोगाणुरोधी दवाएं लिखते हैं, या वे व्यापक स्पेक्ट्रम रोगाणुरोधी दवाएं लिखते हैं जब कोई विशिष्ट दवा अधिक उपयुक्त होती है। इन दवाओं का इस तरह से उपयोग करने से एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध का जोखिम बढ़ जाता है। यदि कोई व्यक्ति रोगाणुरोधी दवाओं का कोर्स पूरा नहीं करता है, तो कुछ रोगाणु जीवित रह सकते हैं और दवा के प्रति प्रतिरोध विकसित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, लोग कभी-कभी वायरल संक्रमण के लिए एंटीबायोटिक लेते हैं। इसके अलावा नीम-हकीमों या फार्मासिस्ट द्वारा सुझाए गए एंटीबायोटिक भी इस मुद्दे को बढ़ाने में योगदान करते हैं। खेत के जानवरों में एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग दवा प्रतिरोध को बढ़ावा दे सकता है। वैज्ञानिकों ने मांस और खाद्य फसलों में दवा प्रतिरोधी बैक्टीरिया पाए हैं जो उर्वरकों या दूषित पानी के संपर्क में आते हैं। इस तरह से, जानवरों को प्रभावित करने वाली बीमारियाँ इंसानों में फैल सकती हैं। जो लोग गंभीर रूप से बीमार होते हैं, उन्हें अक्सर रोगाणुरोधी दवाओं की उच्च खुराक दी जाती है। यह एएमआर सूक्ष्मजीवों के प्रसार को बढ़ावा देता है, विशेष रूप से ऐसे वातावरण में जहां विभिन्न बीमारियां मौजूद हैं। एंटीबायोटिक दवाओं के दुरुपयोग और अति प्रयोग के साथ-साथ संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण में कमी के कारण एंटीबायोटिक प्रतिरोध में तेज़ी आती है। प्रतिरोध के प्रभाव को कम करने और इसके प्रसार को सीमित करने के लिए समाज के सभी स्तरों पर कदम उठाए जा सकते हैं। एंटीबायोटिक प्रतिरोध के प्रसार को रोकने और नियंत्रित करने के लिए, व्यक्तियों को केवल प्रमाणित स्वास्थ्य पेशेवर द्वारा निर्धारित किए जाने पर ही एंटीबायोटिक्स का उपयोग करना चाहिए।

कभी भी बची हुई एंटीबायोटिक्स को उपयोग न करें। एंटीबायोटिक प्रतिरोध के प्रसार को रोकने और नियंत्रित करने के लिए, स्वास्थ्य उद्योग को नए एंटीबायोटिक्स, टीके, निदान और अन्य उपकरणों के अनुसंधान और विकास में निवेश करना चाहिए। कृषि क्षेत्र को केवल पशु चिकित्सा पर्यवेक्षण के तहत पशुओं को एंटीबायोटिक्स देना चाहिए। विकास को बढ़ावा देने या स्वस्थ पशुओं में बीमारियों को रोकने के लिए एंटीबायोटिक्स का उपयोग न करें।

## मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
दर्शन

एक विदेशी को अपराधी समझ जब राजा ने फांसी का हुक्म सुनाया तो उसने अपशब्द कहते हुए राजा के विनाश की कामना की। राजा ने अपने मंत्री से, जो कई भाषाओं का जानकार था, पूछा- यह क्या कह रहा है? मंत्री ने विदेशी की गालियां सुन ली थीं, किंतु उसने कहाः महाराज! यह आपको दुआएं देते हुए कह रहा हैः आप हजार साल तक जिएं। राजा यह सुनकर बहुत खुश हुआ, लेकिन एक अन्य मंत्री ने जो पहले मंत्री से ईर्ष्या रखता था, आपत्ति उठाईः महाराज! यह आपको दुआ नहीं गालियां दे रहा है। वह दूसरा मंत्री भी बहुभाषी था। उसने पहले मंत्री की निंदा करते हुए कहाः ये मंत्री जिन्हें आप अपना विश्वासपात्र समझते हैं, असत्य बोल रहे हैं। राजा ने पहले मंत्री से बात कर सत्यता जाननी चाही, तो वह बोलाः हां महाराज! यह सत्य है कि इस अपराधी ने आपको गालियां दीं और मैंने आपसे असत्य कहा। पहले मंत्री की बात सुनकर राजा ने कहाः तुमने इसे बचाने की भावना से अपने राजा से झूठ बोला। मानव धर्म को सर्वोपरि मानकर तुमने राजधर्म को पीछे रखा। मैं तुमसे बेहद खुश हुआ। फिर राजा ने विदेशी और दूसरे मंत्री की ओर देखकर कहाः मैं तुम्हें मुक्त करता हूं। निर्दोष होने के कारण ही तुम्हें इतना क्रोध आया कि तुमने राजा को गाली दी और मंत्री महोदय तुमने सच इसलिए कहाः क्योंकि तुम पहले मंत्री से ईर्ष्या रखते हो। ऐसे लोग मेरे राज्य में रहने योग्य नहीं। तुम इस राज्य से चले जाओ। वस्तुतः दूसरों की निंदा करने की प्रवृत्ति से अन्य की हानि होने के साथ-साथ स्वयं को भी नुकसान ही होता है।

## जब मन अशांत हो तो अपने इष्टदेव का ध्यान करें



संकलित
प्रेरणा

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### मनुष्य जन्म का महत्त्व समझें

श्रीरामचरितमानस में तुलसीदास ने लिखा है कि 'बड़े भाग मानुष तन पावा, सुर दुर्लभ सब ग्रंथन्हि गावा। साधन धाम मोच्छ कर द्वारास पाइ न जेहिं परलोक संवारा॥' अर्थात हमें मनुष्य का तन मिलना हमारे लिए बहुत सौभाग्य की बात है। यह तन देवताओं के लिए भी दुर्लभ होता है। मनुष्य तन से ही हम मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं। हमें जो अपने अच्छे कर्मों से मनुष्य का जीवन सौभाग्य से मिला है, इसका हमें उचित प्रयोग करना चाहिए, अनुचित काम करके इस मनुष्य जीवन को नष्ट नहीं करना चाहिए। भगवान के दिए अनमोल इनसानी जीवन को आत्महत्या द्वारा समाप्त करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। लोगों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को नैतिकता और हर मुसीबत का सामना करने का सबक पढ़ाएं, ताकि बच्चे जिंदगी में कभी कोई गलत राह न चुनें। मनुष्य जन्म का महत्व समझा जाना चाहिए। – *महेश जैन, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# फ्रांस ने लादेन के बेटे का देश में प्रवेश रोकने उठाए कदम



फ्रांस के गृह मंत्री ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अलकायदा नेता ओसामा बिन लादेन के बेटे उमर बिन लादेन के फ्रांस लौटने के किसी भी प्रयास के खिलाफ अतिरिक्त कदम उठाए हैं। गृह मंत्रालय के अनुसार उमर बिन लादेन फ्रांस के नॉरमैंडी क्षेत्र में रह रहा था लेकिन फ्रांस के अधिकारियों द्वारा उसे देश छोड़ने का आदेश दिए जाने के बाद वह अक्टूबर 2023 में देश छोड़कर चला गया। मंत्रालय ने कहा कि उस समय अधिकारियों ने उसके दो साल के लिए फ्रांस लौटने पर भी पाबंदी लगाई

## ऑफ बीट

# रात में आपकी अच्छी नींद कैसी होनी चाहिए?



बहुत से लोग सोचते हैं कि जब वे तकिये पर सिर रखेंगे तो उन्हें गहरी और आरामदेह नींद आनी चाहिए और लगभग आठ घंटे के बाद तरोताजा महसूस करते हुए उठना चाहिए। वास्तव में, पूरी रात स्वस्थ नींद चक्रीय होती है क्योंकि आप नींद के विभिन्न चरणों से गुजरते हैं और अक्सर कई बार जागते हैं। कुछ लोगों को इनमें से एक या अधिक बार जागना याद रहता है लेकिन कई लोगों को यह भी याद नहीं रहता कि वे रात में कितनी बार नींद से जागे। एक वयस्क के रूप में, हमारी नींद अलग-अलग चक्रों से गुजरती है और रात के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर के लिए नींद टूटती है। प्रत्येक नींद का चक्र लगभग 90 मिनट का होता है।

## ट्रेंड

### पासवान को श्रद्धांजलि



मैं अपने बहुत प्रिय मित्र और भारत के बड़े नेताओं में से एक रामविलास पासवान को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं भाग्यशाली हूं कि मैंने इतने वर्षों तक उनके साथ करीब से काम किया। मुझे कई मुद्दों पर उनकी अंतर्दृष्टि बहुत याद आती है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### हरियाणा में जीत पर बधाई



हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक विजय की सभी समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों व मतदाताओं को हार्दिक बधाई! 'विकसित हरियाणा-विकसित भारत' की संकल्पना की सिद्धि को समर्पित यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोक-कल्याणकारी नीतियों की जीत है।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी

### कमलनयन को मेरी संवेदनाएं



मुंबई में कमलनयन बजाज हॉल की निदेशक सुनैना केजरीवाल का 53 वर्ष की उम्र में निधन ! एक अद्भुत व्यक्तित्व जिसका जीवन कैंसर ने छीन लिया। उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं !

-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

### अपने दिल से किया



तस्वीरें या वीडियो होने से पहले हम लोगों को कैसे याद करते थे? सामाजिक दबावों और धार्मिक प्रयासों के बिना हमने उन्हें कैसे दुःखी किया? हमने इसे अपने दिल से किया।

-काजोल, अभिनेत्री

## संक्षेप

### ट्रस्ट द्वारा आज निःशुल्क जांच और दवाई होगी वितरित

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। नवाबगंज क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी खुशी की बात है कि मां राजेश्वरी देवी की प्रथम पुण्यतिथि पर भव्य चिकित्सा शिविर का आयोजन कलवारी स्थित शिवपूजन सिंह के आवास पर आयोजित होगा है। चिकित्सा शिविर में मेडिकल कॉलेज बहराइच एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा के वरिष्ठ डॉक्टरों द्वारा शुगर, हाई ब्लड प्रेशर, टाइफाइड, मानसूनी बीमारियों की निःशुल्क जांच एवं दवाइयों वितरित की जाएगी। आयोजक एसपी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि चिकित्सा शिविर सुबह 10 बजे प्रारम्भ होगा। जरुरतमंद लोग उक्त कार्यक्रम में पहुंचकर निःशुल्क जांच व दवाई प्राप्त कर लाभ उठाये।

### दुर्गा पंडाल में मनमोहक झांकी का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के शिवपुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत बेला मकन में बड़ी ही धूमधाम के साथ शारदीय नवरात्रि का महोत्सव मनाया जा रहा है। नवरात्रि पर्व पर कई कार्यक्रम का आयोजन भी होता आ रहा है। इस क्रम में गुरुवार की रात से शुक्रवार की सुबह तक दुर्गा पंडाल में भव्य झांकी का आयोजन किया गया। लखीमपुर जनपद से आए कलाकारों ने सुंदर-सुंदर झांकी की प्रस्तुति दी। सबसे पहले गणेश भगवान की झांकी, सुदामा चरित, शंकर विवाह श्री कृष्ण रासलीला, महाकाल व महिषासुर वध आदि तमाम प्रकार की झांकियां सजाई गई। नवदुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष राजबहादुर ने बताया कि ग्राम वासियों के सहयोग से दुर्गा पांडाल सजाया जाता हैं। कमेटी के पदाधिकारियों के साथ काफी भक्त लोग उपस्थित रहे।

### सीओ कार्यालय पहुंचे पथरा मुस्तकम के ग्रामीण

अमन लेखनी समाचार

हसनपुर, अमरोहा के हसनपुर में पथरा मुस्तकम के ग्रामीण बड़ी संख्या में पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एक शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें आरोप लगाया कि पुलिस ने बिना उचित जांच के रंजिश के आधार पर दो आरोपी पिता-पुत्र को जेल भेज दिया है। यह घटना तब हुई जब एसिड अटैक के कारण 8वीं की छात्रा यशोदा की मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि यशोदा का अपहरण कर उसे जंगल में ले जाकर एसिड डालने का मामला है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर प्रेमपाल और योगेंद्र को गिरफ्तार किया। लेकिन ग्रामीणों का मानना है कि पुलिस ने मामले की गहनता से जांच नहीं की। ग्रामीणों ने न्याय की मांग करते हुए कहा कि सही आरोपियों की पहचान कर उन्हें जेल भेजा जाए।

## आनलाइन उपस्थिति के विरोध में एएनएम ने सीएचसी पर किया प्रदर्शन

### टीकाकरण व आनलाइन फीडिंग न करने की एएनएम ने दी चेतावनी

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज मे एएनएम ने ऑनलाइन हाजिरी का विरोध करते हुए सीएचसी पर अन्य मांगों के समर्थन में धरना दिया। तथा सीएचसी अधीक्षक को एक ज्ञापन भी सौंपा। सभी एएनएम सरकार के ऑनलाइन हाजिरी पर विरोध प्रगट कर रही है। उन्होने मांग की कि एएनएम सेंटरों पर पोर्टल के जरिये सुबह-शाम फोटो अपलोड करने के आदेश को निरस्त किया जाए। एएनएम का कहना है कि दूरस्थ तैनात महिला कर्मचारी फील्ड में कार्य करती हैं। उसके बाद अन्य कार्यों की भी जिम्मेदारी दे दी जाती है। ऐसे में दो बार पोर्टल पर फोटो अपलोड करना संभव नहीं है। एएनएम रेनू शुक्ला, विनीता, राजकुमारी, सर्वेश, सुमन, विन्दु, नेहा, दीक्षा, सीमा, नीति, रीना, संगीता ने कहा कि यदि मांगे पूरी नही होती है तो 14 अक्टूबर दिन सोमवार को होने वाले ठीकाकरण में सभी ए. एन. एम. द्वारा ऑनलाइन फीडिंग न करके विरोध प्रकट किया जायेगा तथा आगामी किसी भी दिवस में सभी ए०एस०एम द्वारा न ही टीकाकरण किया जायेगा और न ही ऑनलाइन कोई कार्य किया जायेगा। साथ-साथ अनिश्चित काल के लिये धरना प्रदर्शन किया जायेगा, जिसमें होने वाली समस्त समस्याओं की जिम्मेदारी अधीक्षक व जिला प्रशासन की होगी। इस मौके पर मिथिलेश, स्वाती, शालिनी, सुषमा, अनुराधा, पूजा, पुष्पा, आदि एएनएम मौजूद रही।

## गुल्लाबीर मन्दिर परिसर में आयोजित हुई भजन संध्या




अमन लेखनी समाचार

बहराइच। प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु संचालित किये जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 के विशेष अभियान अन्तर्गत शारदीय नवरात्र की नवमी के शुभ अवसर पर जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन एवं सांस्कृतिक परिषद बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में गुल्लाबीर मन्दिर परिसर में आयोजित देवीगायन/भजन संध्या कार्यक्रम में माण्डवी तिवारी, दुर्गमेश्वरी सेवा संस्थान तथा रामशंकर एण्ड पार्टी द्वारा देवीगायन व भजन गायन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन नगर पालिका परिषद बहराइच के प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल, जिला पर्यटन एवं सूचना अधिकारी मनीष कुमार श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष दरगाह हरेन्द्र कुमार मिश्र सहित अन्य सम्बन्धित तथा बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में संडीला मार्ग स्थित आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे अंडर पास के निकट तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस घायल को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। हरदोई जनपद के ग्राम काजीपुर निवासी राजकुमार 50 पुत्र रामसेवक कल गुरुवार को बाइक के जरिए बेहटा मुजावर की ओर से बांगरमऊ आ रहा था। तभी शाम करीब 04 बजे रास्ते में संडीला मार्ग स्थित आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे अंडर पास के निकट अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस घायल को आनन-फानन यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने मृतक की जेब से बरामद आधार कार्ड के पते से उसके परिजनों को घटना की सूचना दी। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही परिजन बांगरमऊ के लिए चल दिए और देर रात को पहुँचे और पोस्टमार्टम के बाद शव जब आया तो लेकर अपने गांव रात को ही चले गए थे।

## सपा के प्रदेश अध्यक्ष का कैसरगंज मे किया गया भव्य स्वागत

### उप चुनाव मे सभी दस सीटे जीतेगी सपा व इण्डिया गठबन्धनः श्यामलाल पाल

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का कैसरगंज मे भव्य में स्वागत अभिनंदन किया गया। उन्होने कहा कि सपा 2027 के विधानसभा चुनाव में सरकार बनाएगी। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का शुक्रवार को कैसरगंज तहसील गेट पर सपाइयों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके पश्चात व सपा जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव के आवास पर गये जहा उन्हे मॉ दुर्गा की प्रतिमा प्रतीक चिन्ह स्वरूप भेंट कर उनका भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर प, उन्होने कहा कि बाबा साहब के दिए संविधान से ही देश में तरक्की का रास्ता निकलेगा। उन्होने दावा किया कि उपचुनाव में प्रदेश की सभी 10 सीटें सपा और इंडिया गठबंधन के खाते में आएंगी। इस मौके पर उनके साथ सपा जिला अध्यक्ष रामहर्ष यादव, विधायक आनंद यादव, विधायक रामावतार सैनी, प्रदीप यादव एडवोकेट, सपा जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव, विजय मोहन यादव सहित सैकडो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दीपयज्ञ के प्रकाश से जगमगाया दुर्गा पूजन पांडाल रामपुर धोबिया

### समिति अध्यक्ष रवि सोनी ने अंग वस्त्र भेंट कर किया स्वागत

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जनपद बहराइच के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया बाजार में हर्षोल्लास से शारदीय नवरात्रि मे माँ दुर्गा के पूजन अर्चन का कार्यक्रम मनाया जा रहा है। नवरात्रि के प्रथम दिन से दुर्गा पूजन पंडाल रामपुर बाजार में कई भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा चुका है। इसी क्रम में आज गुरुवार को दीपोत्सव का कार्यक्रम रखा गया। निश्चित समयावधि से गायत्री परिवार से बृजकिशोर वर्मा गोकुलपुर, रामनरेश गुप्ता चोटी वाले, राममिलन वर्मा अपने साथियों संग पहुंच कर माता रानी से प्रार्थना करते हुए नए युग का स्वागत, जय महाकाल- जय महाकाल, प्यारा प्यारा देश हमारा, देश की रक्षा हम करेंगे आदि का उद्घोष करते हुए पंडाल में हजारों की संख्या में दीप जलाकर सभी के जीवन में कल्याण की माता रानी से कामना किया। तत्पश्चात भव्य महा आरती संपन्न हुई। गायत्री परिवार से आए सज्जनों द्वारा उपस्थित सभी से नशा नाश की जड़ है भाई- फल इसका अतिशय दुखदाई का मंत्र भी बताया और लोगों से नशा न करने की अपील किया। वहीं दुर्गा पूजन समिति रामपुर के अध्यक्ष रवि सोनी द्वारा पत्रकार आर एन तिवारी, गायक दीपक मिश्रा सहित आए हुए मेहमानों को अंग वस्त्र देकर सम्मान दिया गया। इस अवसर पर समिति के सभी वरिष्ठ कनिष्ठ पदाधिकारीगण, वह काफी संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## मूर्ति विसर्जन व दशहरा पर्व को लेकर एसडीएम के नेतृत्व मे अधिकारियो ने किया क्षेत्र भ्रमण

### क्षेत्र का भ्रमण कर अधिकारियो ने कराया सुरक्षा का अहसास

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन व दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए एसडीएम आलोक प्रसाद व पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह ने क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। एसडीएम आलोक प्रसाद ने कैसरगंज, सोनारी, बदरौली, चक पिहानी आदि जगहों का भ्रमण कर सभी लोगों से पर्व को आपसी सौहार्द व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। उन्होंने दुर्गा पूजा समितियां के सदस्यों से मिलकर वहां की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया तथा किसी भी समस्या का तत्काल निराकरण किए जाने का आश्वासन भी दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दुर्गा पूजा व दशहरा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके इसके लिए सारी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। पुलिस की टीम भी लगाई गई है। रात्रि की ग्रस्त बढ़ा दी गई है तथा किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना घटित होने पाए इसके लिए सभी प्रकार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने दुर्गा पूजा समितियां से अपील की यदि उन्हें किसी प्रकार की समस्या आ रही हो तो वह तत्काल अवगत कराये उसका निराकरण कराया जाएगा। उन्होंने रामलीला संपन्न करने वाली समितियां से भी बातचीत कर उसे सकुशल संपन्न करने के लिए निर्देशित किया है। इस मौके पर उनके साथ प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह, नायब तहसीलदार, सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## बच्चों संग अभिभावकों ने किया डांडिया नृत्य

- अमेठी में अलग-अलग राज्यों की ड्रेस पहनी, डीएम-एसपी भी मौजूद रहे

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी के औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर में स्थित सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल में डांडिया नाइट कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला अधिकारी निशा अनंत और पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने दीप जलाकर की। इस अवसर पर सीएचसी जगदीशपुर के अधीक्षक डॉ. प्रदीप तिवारी ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों में सर्वांगीण विकास होता है और वे विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति से भी अवगत होते हैं। उन्होंने डांडिया को जन कल्याण और देवी स्तुति का एक सुंदर माध्यम बताया। कार्यक्रम में बच्चों ने गोवा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र के प्रमुख गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। नन्हे बच्चों द्वारा सामूहिक नृत्य ने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया और तालियों की गड़गड़ाहट से कार्यक्रम की रौनक और बढ़ गई। कार्यक्रम का समापन डांडिया नृत्य से हुआ, जिसमें बच्चों के साथ अभिभावकों ने भी भाग लिया। इस भव्य आयोजन में तहसीलदार राहुल सिंह, लइक अहमद, राघवेंद्र तिवारी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी हिस्सा लिया और अतिथियों का स्वागत किया।

## मूक बधिर विद्यालय की संस्थापक को सांसद ने किया सम्मानित

### मूक बधिर बच्चों की प्रस्तुति को सांसद डॉक्टर आनंद गोड़ ने सराहा

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। बाबा सुंदर सिंह मूक बधिर विद्यालय के बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुति से सांसद गदगद दिखे उन्होंने विद्यालय की संस्थापक बलमीत कौर को मोमेंटो देकर सम्मानित करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्थानीय जिला अस्पताल में मानसिक विभाग द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय के दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। दिव्यांग बच्चों ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद डॉक्टर आनन्द गोंड का स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर किया तत्पश्चात देश गीत की प्रस्तुति भी दिव्यांग बच्चों द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मानसिक विभाग के प्रमुखडा विजित जायसवाल, रेवा सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी तथा बाबा सुंदर सिंह मूक बधिर विद्यालय से प्रबंधिका डॉक्टर बलमीत कौर आबदा खातून तथा दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधिका डॉक्टर बलमीत कौर को सासंद ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में राजकुमार महतो तथा श्रीमती सीमा कुमारी का विशेष सहयोग रहा।

## विकास भवन सभागार में आयोजित हुआ कन्या भोज



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु संचालित किये जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 के विशेष अभियान अन्तर्गत शारदीय नवरात्र की नवमी के शुभ अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने विकास भवन सभागार में आयोजित कन्या भोज कार्यक्रम में 21 कन्याओं के पैर पखार कर बन्दन व पूजन कर उन्हें अपने हाथों से भोजन परोसा तथा सभी कन्याओं को स्टेशनरी, फल, बिस्किट, चाकलेट इत्यादि का गिफ्ट पैक भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर, जिला प्राबेशन अधिकारी विनोद राय, उपायुक्त मनरेगा सतीश पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, बाल विकास परियोजना अधिकारी विशेश्वरगंज दीपा गुप्ता, नगर के अनुज कुमार, चित्तौरा के शिव शरण सैनी, प्रोबेशन कार्यालय की प्रधान सहायक शब्बो रानी, बाल संरक्षण अधिकारी शिविका मौर्या, सुपरवाईजर पल्लवी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुशीला, सरिता चौधरी, ममता व रीना देवी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## बांदा पुलिस ने अंतर्जनपदीय मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार किया

- चोरी की 5 गाड़ियां बरामद, चेचिस नंबर खुरच कर बेच देते थे

अमन लेखनी समाचार




बांदा, बांदा पुलिस ने दो अंतर्जनपदीय मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 5 चोरी की मोटरसाइकिल और अवैध तमंचा बरामद किया गया है। यह कार्रवाई बांदा जनपद के बबेरू थाना क्षेत्र के अंतर्गत मरका पुलिस द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार, 7अक्टूबर की रात नहर कोरिया के पास चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को देखा गया। जो ग्राम साड़ा की ओर से मोटरसाइकिल पर आ रहे थे। पुलिस को देखकर उन्होंने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें तुरंत पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए गए। जब मोटरसाइकिल के कागजात मांगे गए, तो पता चला कि यह वाहन चोरी का है। मोटरसाइकिल पिछले महीने थाना कमासिन क्षेत्र के ग्राम पछौहा से चोरी की गई थी। पूछताछ में अभियुक्तों ने खुलासा किया कि वे अब तक बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, प्रयागराज, महोबा, हमीरपुर और अन्य जनपदों से कई मोटरसाइकिल चुरा चुके हैं। वे वाहनों की नंबर प्लेट बदलकर और चेचिस नंबर खुरच कर उन्हें बेचते थे।

## विसर्जन स्थलों एवं जुलूस मार्गों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं करें सुनिश्चितः डीएम

### विभिन्न योजनाओं की समीक्षा हेतु डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। मिशन शक्ति विशेष अभियान, प्रतिमा विसर्जन के लिए की गई तैयारी, पीएम सूर्य घर, लम्बित राजस्व वादों के निस्तारण, विभिन्न परियोजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता, श्रमिकों के राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, फैमिली आईडी, चरागाहों की भूमि को अतिक्रमण से मुक्ति, आपदा के लम्बित प्रस्तावों इत्यादि की समीक्षा हेतु वृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि चरागाह की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराकर राजस्व परिषद के पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। समस्त एसडीएम पुलिस क्षेत्राधिकारी के साथ विसर्जन स्थलों एवं जुलूस मार्गों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा दें। रिसोर्स रिकवरी सेन्टर निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया गया कि निमार्णाधीन कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराये तथा जो परियोजनाएं अभी अराम्भ है उन्हें तत्काल प्रारम्भ करा दिया जाय। मिशन शक्ति फेज-5 से सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिये गये अभियान अन्तर्गत निर्धारित कार्यक्रमों को सम्पन्न कराने के पश्चात उसको पोर्टल पर अपलोड भी कराया जाय। प्रोजेक्ट अलंकार की समीक्षा के दौरान एसडीएम को निर्देश दिये गये कि प्राप्त प्रस्तावों का परीक्षण कर तीन दिवस के अन्दर जनपद स्तरीय समिति को उपलब्ध करा दें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच अजीत प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी महेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधान की लाठी डंडो से पीटकर हत्या का मामला

- परिजनों ने अंतिम संस्कार से किया इंकार, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में सुबह खेतों की तरफ गए पूर्व ग्राम प्रधान पर दबंगों ने लाठी डंडो और धारदार हथियार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। परिजनों की तहरीर पर 10 नामजद आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चार लोगों को हिरासत में ले लिया है। सभी आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। पूरे गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है जिसे लेकर आधा दर्जन थानों के अलावा पीएसी बल को भी तैनात किया गया है। दरअसल, ये पूरा मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के देव गिरी मजरे संसारपुर गांव का है। जहां मंगलवार की सुबह खेतों की तरफ गए पूर्व ग्राम प्रधान की चुनावी रंजिश में विपक्षियों ने पीट पीटकर लहूलुहान कर दिया। दोपहर में ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। देर शाम शव गांव पहुँचा तो पूरे गांव में हड़कंप मच गया। देर रात परिजनों की तहरीर पर राजेन्द्र प्रसाद, शानू, रजनीश, मनीष, जितेंद्र उर्फ गुड्डू, गुलाब सिंह, शिवमूरत सिंह, अंकुर सिंह, राज कुमार सिंह और समर बहादुर सिंह और एक अज्ञात के खिलाफ कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। मामले में 10 वां आरोपी बनाया गया समर बहादुर सिंह स्थानीय भाजपा विधायक और पूर्व राज्यमंत्री मंत्री सुरेश पासी का राइट हैंड बताया जा रहा है। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में ले लिया है। वहीं तनाव को देखते हुए गांव में 6 थानों की पुलिस और पीएसी बल को तैनात किया गया है।

# संक्षेप

## चोरों ने नगदी समेत सोने चांदी के जेवरात किए पार

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव पराधनई निवासी सुखराम सिंह के मकान पर सूनी रात चोरों ने वारदात कर 10000 रुपए नगदी समेत सोने चांदी के जेवरात पार कर दिया पीड़ित गृह स्वामी ने लिखित तहरीर देते हुए प्रशासन को बताया कि वह अपने घर में भोजन करने के पश्चात सो रहा था जहां तकिया के नीचे रखी चाबी निकाल कर चोरों ने घटना को अंजाम दिया पीड़ित गहरी नींद में सोया हुआ था जहां अज्ञात चोरों ने चाबी निकालकर घर में रखी अलमारी को खोलकर जेवरात कान की झुमकी दो मंगलसूत्र तीन सोने की अंगूठी हाफ पेटी तीन जोड़ी तोड़िया बिछिया समेत 10000 रुपए नगद फरार कर दिया घटना की सूचना पर निरीक्षण में पहुंचे थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने घटनास्थल का जायजा लिया वही विशेष आमंत्रण पर फॉरेंसिक टीम बुलाई गई जहां फॉरेंसिक टीम ने निरीक्षण करते हुए जांच पड़ताल की हैरतअंगेज बात यह है की अज्ञात चोरों को कैसे पता चला कि गृह स्वामी की तकिया के नीचे चाबी रखी है वहीं थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि अज्ञात चोरों की जांच पड़ताल चल रही है तथ्य जुटाने के पश्चात जल्द ही अपराधी प्रशासन की हिरासत में होंगे

## डीएम ने हरी-झंडी दिखाकर पराली प्रबंधन वाहन को रवाना किया

अमन लेखनी समाचार

बागपत, बागपत कलेक्ट्रेट से पराली प्रबंधन के लिए जागरूकता वाहन को डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन जिले के हर गांव में जाकर किसानों को पराली प्रबंधन के महत्व के बारे में जागरूक करेगा। पराली जलाने से होने वाले पर्यावरणीय नुकसानों और इसके वैकल्पिक उपयोगों की जानकारी किसानों तक पहुंचाएगा। डीएम ने कहा कि धान की फसल कटने के बाद अक्सर पराली जलाने की घटनाएं सामने आती हैं। जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचता है और खेतों की उर्वरक क्षमता भी घटती है। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को जागरूक करना है कि पराली जलाने से बचे और उसका सही उपयोग करें। उन्होंने यह भी बताया कि पराली का सही प्रबंधन करके किसान आर्थिक लाभ कमा सकते हैं। जैसे पराली को खाद्य के रूप में उपयोग करना या अन्य जगह बेचकर लाभ कमाना। जागरूकता अभियान के तहत बताया जाएगा कि गन्ने की पराली भी किसानों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है और इसे जलाने से खेतों को नुकसान होता है। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने किसानों से अपील की कि वे पराली जलाने से बचें और इस जागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं। पराली जलाने पर कड़ी सजा और जुमार्ने का प्रावधान है। जिससे बचने के लिए किसान इस अभियान से सीख लें और पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# दोस्ती की उत्कृष्ट मिसाल पेश करने वाले अरुण-सामंत को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। आज के समय में जबकि खून के रिश्तों में भी टकराव देखने को मिल रहा है, जहां एक ओर भाई भाई का दुश्मन बना हुआ है ऐसे समय में गगहा गोरखपुर के रहने वाले अरुण सिंह और सामंत सिंह नाम के दो दोस्तों ने समाज के सामने दोस्ती और रिश्तों को निभाने की एक उत्कृष्ट मिसाल पेश की है। जिसे देखते हुए अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा गोरखपुर द्वारा इन दोनों को सम्मानित किया गया है।बता दें कि गगहा के रहने वाले अरुण सिंह और सामंत सिंह बचपन से एक साथ पढ़े लिखे तथा सन 1965 से एक ही साथ रहते हैं। पढ़ाई के बाद सन 1970 में दोनों ने मिलकर गोरखपुर में कंस्ट्रक्शन का कारोबार शुरू किया जो आज भी जारी है। इनकी कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा गोरखपुर में जीडीए टावर, जीडीए बिल्डिंग, एनेक्सी भवन आदि बड़े प्रोजेक्ट्स पूरे किए गए हैं। दोनों मित्रों की दोस्ती ऐसी है कि लोग इन्हें सगा भाई समझते हैं। दोनों के परिवार एक साथ एक ही घर में रहते हैं, एक ही किचेन में खाना पकता है और इनकी अगली पीढ़ियों में भी वही तालमेल देखने को मिलता है जो इन दोनों दोस्तों में रहा है। जिलाध्यक्ष लालू सिंह ने कहा कि इनका जीवन समाज और नौजवानों के लिए प्रेरणादायक है। रिश्तों को निभाने की समाज में एक उत्कृष्ट मिसाल पेश करने के लिए अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्वांचल प्रांत उग्रसेन सिंह, मंडल अध्यक्ष आरपी सिंह, जिलाध्यक्ष लालू सिंह, वरिष्ठ महामंत्री राजकुमार सिंह सहित संगठन के अन्य लोगों ने अरुण सिंह तथा सामंत सिंह के घर जाकर उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

# जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, 14 पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के तिलौरा में राजस्व टीम द्वारा पैमाईस कर पत्थर गाड़ा गया था। विपक्षी उस गड़े पत्थर को उखाड़ कर फेक दिया। विरोध करने पर पीड़ित को लाठी डंडे से मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने पांच के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से संजय कुमार पुत्र रेखा प्रसाद निवासी तिलौरा ने द्वारा गाटा संख्या 404 एसडीएम के आदेश पर पत्थर नसब की पैमाइस का आदेश कराया था। राजस्व टीम द्वारा पैमाईस कर पत्थर भी गाड़ा गया था। विपक्षी उस गड़े पत्थर को उखाड़ कर फेक दिए। विरोध करने पर आरोपी लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने पट्टू, इंदु, पट्टू का लड़का, विनोद, सनी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वही पुलिस ने दूसरे पक्ष पट्टू पुत्र देवीदीन निवासी तिलौरा की शिकायत पर संजय, सुग्रीव, राहुल, साहिल, कविता, नेहा करिश्मा, शिव कुमारी, रेखा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# बाइक चोरी करते युवक धरा गया, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के जमूआड निवासी भीमसेन पुत्र केशभान बीती रात्रि 12.30 बजे कालेसर के पास राप्ती नदी में मछली मार रहा था। दूर खड़ी बाइक को एक चोर बाइक लेकर भागने लगा। जाते चचेरा भाई ने उसे। देख लिया। और उसे पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। चोर की पहचान जगत पुत्र मुन्नार निवासी उरुआ के रूप में हुई है। पुलिस ने चोर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# कुटरचित दस्तावेज तैयार कर सालसाजो ने बना लिया फर्म साजसाजी का केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के बाधागाड़ में मेमर्स इनटीग्रेटड पाल्युशन कमेटी स्थापित है। जो लीज पर लिया गया है। जो अस्पताल से निकलने वाले कचरो का निस्तारण कराती है। जमीन की लीज समाप्त होने के बाद भूमि स्वामी ने जमीन की लीज अरुण अवस्थी कानपुर के नाम से कर दिया। दोनो में चलाने के लिए अनुबंध भी हो गया। और कागजात बनाने में लग गया। उसी दौरान जालसाजों ने कुटराचितत दस्तावेज तैयार कर फर्जी लीज डील कर लिया। और फर्जी फर्म बनाकर सन्यत्र का ताला तोड़कर कब्जा करने का प्रयास किया। जबकि आराजी संख्या 576 और 577 पंजीकृत अरुण मिश्रा, विवेक कुमार सिंह, के नाम पंजीकृत है। विरोध करने पर जालसाज जान से मारने की धमकी दे रहे है। पीड़ित ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाया। आदेश पर पुलिस ने विनय वर्मा, प्रांजल पटेल, अजय पटेल कुछ अन्य के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज कर लिया है।

## सामान लेने गई महिला का मोबाइल चोरी केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। कम्पियरगंज थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर निवासी पूनम पत्नी अमर जो बांसपार में किराए के मकान में रहती है। वह सामान खरीदने के लिए कालेसर गई थी। जहां उसकी मोबाइल चोरी हो गया। खोजबीन के बाद पता नही चला है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# विधायक ने नवरात्र पर्व और विजय दशमी पर क्षेत्र की जनता को दी शुभकामना

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां विधायक प्रदीप शुक्ला ने विधानसभा सहजनवा सहित पूरे देशवासियों को नवरात्र पर्व और विजय दशमी पर ढेर सारी शुभकामनाएं दी। नवरात्र का पर्व नारी शक्ति के लिए सम्मान का प्रतीक है। सनातन हिंदू धर्म में कुंवारी कन्याओं का पूजन और सत्कार आदि शक्ति मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों का पूजन है। विधायक प्रदीप शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में नारी शक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा नारी शक्ति के लिए की कई योजनाएं चलाई जा रही है। मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत कई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। मिशन शक्ति नारी सुरक्षा सम्मान का प्रतीक है।

# दशहरा महोत्सव में श्री राम मंदिर के खुले कपाट

## श्री गणेश पूजन के साथ मेले का हुआ शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



बिन्दकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के जनपद फतेहपुर के बिंदकी नगर के ऐतिहासिक दशहरा महोत्सव इस बार कुछ विशेष है। दशहरा महोत्सव कमेटी हर वर्ष कुछ न कुछ ऐतिहासिक करने के लिए उद्यत रहती है। यही वजह है कि महोत्सव को और अधिक धार्मिक और रोचक बनाया गया है। शरद नवरात्र की अष्टमी से शुरूआत होने वाले इस ऐतिहासिक दशहरा महोत्सव का प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश पूजन के साथ शुभारंभ किया गया। शुभारंभ के साथ ही श्रीराम मंदिर को श्रद्धालु भक्तो के दर्शनार्थ खोल दिया गया है। महोत्सव के प्रथम दिवस वृंदावन के अद्वितीय कलाकारों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की सुंदर मंचन किया गया। दर्शक भक्तों ने प्रभु की बाल लीलाओं को बडे.ही भक्ति भाव से अवलोकन किया।

बिंदकी दशहरा महोत्सव के प्रथम दिन मेला कमेटी अध्यक्ष शिवम उर्फ प्रमोद सिंह परिहार ने गौरी पुत्र भगवान श्रीगणेश की विधिवत पूजन अर्चन किया और कमेटी के पदाधिकारियों सहित मौजूद भक्तों को प्रसाद वितरण किया। वृंदावन से पधारी रासलीला मंडली द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का सुंदर मंचन प्रस्तुत किया गया। प्रभु की बाल क्रिडाओं की विभिन्न झांकियां प्रस्तुत कर भक्तों को भक्तिभाव से निहाल कर दिया। एक बार ऐसा लगा जैसे बिंदकी के दशहरा महोत्सव में नही साक्षात वृन्दावन में बैठे है। देर शाम से ही मेला मैदान में भक्तों की भीड़ जुटने लगी और भगवान श्रीबजरंग बली के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया और मेला का आनंद किया। यहां पर संरक्षक मंडल के नरेन्द्र, अनिल चार्ली, रामकुमार साहू, गोपाल, सुनील गुप्ता, चंद्रेश, रामेश्वर दयालू, अशोक, मेला संयोजक चेयरपर्सन राधा साहू, उपाध्यक्ष गोविंद बाबू, मुन्नालाल सोनकर, संजय, दीनानाथ, गोलन, मोना ओमर, नवीन, अनिल, अमित, महामंत्री दिनेश, प्रतीक, गुलशन, कोषाध्यक्ष पुरूषोत्तम, मंत्री दिनेश, बीरेन्द्र, कुलवंत, प्रेम तिवारी, सुखद सहित कार्यकर्ता व सदस्य रहे।

# रात्रि जागरण में नन्हे मुन्ने बच्चों ने भक्तों को किया गदगद

### हवन पूजन के पश्चात संपन्न हुआ जगह-जगह विशाल भंडारा

अमन लेखनी समाचार / समरजीत सोनकर

अमौली, फतेहपुर। मां भगवती के पावन नवरात्रि महापर्व के अवसर पर कस्बा मुख्यालय अंतर्गत मां दुर्गा पूजा कमेटी के तत्वाधान में गायत्री मंदिर प्रांगण तथा कस्बे के बड़े तालाब के समीप समेत क्षेत्र के ग्राम पंचायत चांदपुर आजमपुर गढ़वा बुढवां बुढंदा कुलखेडा सरहन बुजुर्ग सहित दर्जनों गांवों में भक्तों के द्वारा सजाए गए मां जगत जननी जगदंबा के विभिन्न दरबारों में नवमी के दिन हवन यज्ञ के पश्चात कन्या पूजन करने के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। देर शाम तक चले विशाल भंडारे में हजारों की संख्या में महिलाओं एवं बच्चों समेत भक्तों ने दिव्य प्रसाद ग्रहण किया तत्पश्चात सायं कालीन बेला पर मां भगवती के दिव्य दरबारों में महा आरती के पश्चात महिलाओं के द्वारा भजन कीर्तन कर रात्रि जागरण किया गया इस दौरान कस्बा मुख्यालय अंतर्गत गायत्री मंदिर प्रांगण में मां दुर्गा पूजा कमेटी के तत्वाधान में आयोजित रात्रि जागरण के दौरान नन्हे बच्चों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियां से मां भगवती का जागरण किया इस दौरान नन्हे बच्चों ने प्रेरणादायी विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ ही देशभक्ति एवं भावपूर्ण भक्ति गीतों के माध्यम से मां भगवती की आराधना करते हुए उपस्थित जन समुदाय का मन मोह लिया इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष रवि ओमर मंत्री उमेश कुमार त्रिवेदी कुलदीप तिवारी रजत प्रताप सिंह आर्य कुमार पांडे बृजेंद्र तिवारी सतीश वर्मा मुकेश ओमर गौरव ओमर अखिलेश ओमर राजाराम ओमर दीपक ओमर अरुण मिश्रा शुभा मिश्रा ग्राम प्रधान शिव कुमारी सोनकर के पति समाजसेवी प्रकाश चंद्र उर्फ बंटू सोनकर समेत समस्त पदाधिकारियों के साथ ही भारी संख्या में उपस्थित महिलाओं एवं भक्तों के विशाल जन समुदाय ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उत्साह वर्धन किया

# बुलंदशहर में कार सवार महिलाओं से लूट

- भाई की सगाई से लौट रही थीं, गाड़ी ओवरटेक की, नकाब पहनकर कर आए 8 बदमाश

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, बुलंदशहर के शिकारपुर तहसील क्षेत्र में अपराधों की बढ़ती संख्या ने स्थानीय पुलिस की क्षमता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बेबस महिलाओं के साथ हो रही अभद्रता और लूट-पाट की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जबकि पुलिस इन घटनाओं को रोकने में असफल होती नजर आ रही है। हाल ही में, पीड़ित महिला अनु शर्मा ने बताया कि वह अपने बच्चों के साथ अपने छोटे भाई की सगाई समारोह से लौट रही थी। इस दौरान खखुडा भुट्टे के पास उनकी गाड़ी पर नकाबपोश बदमाशों ने हमला किया। महिला के अनुसार बदमाशों ने उनकी गाड़ी को ओवरटेक कर रोक दिया और ड्राइवर से गाड़ी की चाबी छीनने का प्रयास किया। इसके साथ ही, उन्होंने उनके मंगलसूत्र, चेन और अन्य गहनों को भी छीन लिया। महिला ने बताया कि बदमाशों की संख्या करीब 8 से 10 थी।

घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। क्षेत्राधिकारी शिकारपुर, विकास प्रताप सिंह चौहान भी घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

पुलिस ने लुटेरों की तलाश के लिए तीन विशेष टीमें गठित की हैं और सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालने में जुटी हैं।

क्षेत्राधिकारी ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही लूट की वारदात का खुलासा किया जाएगा।

# एक सैकड़ा से अधिक लोगों ने कांग्रेस की ग्रहण की सदस्यता

## प्रदेश महासचिव के नेतृत्व में संगठन विस्तार बैठक का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार




फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद विधानसभा अंतर्गत अमौली विकासखंड के गौरी चौराहे पर कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठन विस्तार बैठक आयोजित की गई कार्यक्रम के आयोजन उत्तर प्रदेश के कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ महासचिव एवं जहानाबाद विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी चौधरी अनूप सचान के द्वारा आयोजित किया गया जहां जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान एवं जिला उपाध्यक्ष शईद खान सुबोध सचान आदि सभी पदाधिकारियों का पहुंचने पर संगठन के कार्यकर्ता समेत ग्रामीण क्षेत्र वासियों ने भव्य स्वागत किया कार्यक्रम में मौजूद प्रदेश महासचिव चौधरी अनूप सचान ने वर्तमान सरकार पर करारा प्रहार करते हुए कांग्रेस पार्टी की नीति एवं उपलब्धियां पर बृहद रूप से परिचर्चा की उन्होंने अपने संबोधन में आम जनमानस समेत निम्न स्तर का जीवन यापन करने वाले ग्रामीण को न्याय एवं अधिकार दिलाने की बात कहीं वही ऐसे व्यक्तियों को न्याय के लिए भारी मुसीबत का सामना निरंतर करना पड़ रहा है जिसके लिए वर्तमान सरकार पर आक्रोश जताया उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संगठन विस्तार बैठक कार्यक्रम का प्रमुख लक्ष्य जनपद के सभी बुद्धिजीवी ग्रामीणों को संगठित होकर हो रहे अन्याय का पुरजोर विरोध करना है वही अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान ने वर्तमान सरकार द्वारा बिजली पानी रसोई गैस समेत अन्य वस्तुओं पर हो रहे भ्रष्टाचार का खुलासा करने का पूर्ण प्रयास किया जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान सरकार की कानून व्यवस्था एक थोथा चना साबित हो रही है जिसके लिए विकासखंड स्तर पर संगठन का पुनर्गठन करते हुए कांग्रेस पार्टी किए जा रहे अन्याय पर रोकथाम लगाएगी वही मौके पर मौजूद जिला उपाध्यक्ष शईद खान एवं सुबोध सचान ने भी अपने संबोधन में कांग्रेस सरकार की उपलब्धियां तथा उनकी विशेष कार्यों को विस्तृत रूप से प्रदर्शित किया मौके पर मौजूद भारी संख्या में आम जनमानस ने कांग्रेस पार्टी का समर्थन करते हुए तालियों की गड़गड़ाहट से पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया वही भारी संख्या के बीच मौजूद एक सैकड़ा से अधिक लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की इस मौके पर संतोष कुमार विश्वजीत यादव राम शंकर हसरत खान आलोक निषाद कमाल खान विमल सिंह एवं जहानाबाद विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी दयाराम दुबे समेत भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे

# मोबाइल टावर पर डकैती

- ग्रामीणों ने घेरा तो 12 राउंड फायरिंग करके भागे; 2 भाइयों को मारी गोली

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में बदमाशों ने मोबाइल टावर में डकैती की। 6 बदमाश आए और मोबाइल टावर में लगी ढाई लाख की बैटरी उतारकर ले जाने लगे। ग्रामीणों ने रोकने की कोशिश की तो 12 राउंड फायरिंग की और फरार हो गए। घटना में गांव के 2 सगे भाइयों को गोली लगी है। घटना सोमवार रात की मेरठ के सरधना के गोटका गांव के पास की है। गोटका गांव के बाहर की तरफ रहने वाले गणेश ठाकुर के यहां निजी कंपनी का मोबाइल टावर लगा है। टावर की देखरेख करने वाले हंसराज ने बताया- रात करीब एक बजे मोबाइल टावर का गेट खुलने का मैसेज उनके मोबाइल पर आया। उन्होंने कॉल करके गांव में सुखबीर सिंह को मामले की जानकारी दी। सुखबीर सिंह बाइक पर मौके पर पहुंचे। वहां मोबाइल टावर की जाली उखड़ी मिली। इसकी जानकारी सुखबीर ने फोन कर हंसराज और ग्रामीणों को दे दी। इसी दौरान बदमाशों ने सुखबीर पर हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गया। ग्रामीणों ने बताया, गांव में जैसे ही बदमाशों के आने की खबर फैली तो लोगों ने बदमाशों की घेराबंदी शुरू कर दी। तभी गांव के तीन भाई आदित्य, गौरव व भूरा मौके पर पहुंच गए। उन लोगों ने बदमाशों की कार के आग बाइक लगा दी। तीनों भाइयों से बदमाशों का आमना-सामना हो गया। बदमाशों को तीनों पर फायरिंग कर दी। फायरिंग में तीन लोगों को गोली लगी है। दो भाई गौरव और आदित्य की घायल हैं। मेरठ के एक प्राइवेट अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। गौरव के कंधे पर और आदित्य के हाथ में गोली लगी है।

भूरा बाल-बाल बच गया है। बदमाश हवाई फायरिंग करते हुए हरियाणा नंबर की इको कार में बैटरी लेकर फरार हो गए। वारदात से ग्रामीणों में गुस्सा और दहशत है।

# खुर्जा में पराली जलाने पर लगा जुर्माना



### सेटेलाइट की मदद से सामने आया मामला, डीएम ने अधिकारियों से मांगा जवाब

अमन लेखनी समाचार

खुर्जा, खुर्जा में पराली जलाने पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। गांव में एक किसान ने खेत में पराली जलाई थी। जिसके बाद सेटेलाइट की मदद से पराली जलाने की घटना डीएम के संज्ञान में आई। जिसके बाद डीएम ने उक्त किसान के खिलाफ 5000 जुमार्ना लगाते हुए संबद्ध अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। डीएम बुलंदशहर सीपी सिंह ने शासन के निदेर्शानुसार कुछ दिन पूर्व जनपद के सभी किसानों से पराली नहीं जलाने की अपील की थी। लेकिन उसके बाद भी खुर्जा के गांव धरायु में किसान राजेश ने पराली जलाई। पूरा मामला सेटेलाइट की मदद से जिला प्रशासन तक पहुंच गया। जिसके बाद डीएम ने किसान राजेश पर पांच हजार रूपए का जुमार्ना लगाते हुए लेखपाल, पंचायत सचिव और कृषि विभाग के अफसरों से घटना को लेकर स्पष्टीकरण मांगा हैं। इसके बाद डीएम ने बैठक करते हुए परली नहीं जान लाने की अपील करते हुए पराली को गौशाला में देने की अपील की हैं। ताकि प्रदूषण नियंत्रण किया जा सके।

# मनचलों ने महिला हेड कॉन्स्टेबल को छेड़ा

- स्कूटी से गिराकर वीडियो भी बनाई, मुकदमा दर्ज; मुजफ्फरनगर के 3 आरोपी अरेस्ट

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में मनचलों ने महिला हेड कॉन्स्टेबल के साथ छेड़छाड़ कर दी। हापुड़ रोड पर पुलिस ट्रेनिंग सेंटर से लौटते समय वारदात हुई। बाइक सवार तीन लड़कों ने महिला हेड कॉन्स्टेबल के साथ बदतमीजी शुरू की तो उसने विरोध किया। फिर मनचलों ने कॉन्स्टेबल को स्कूटी से गिरा दिया। इसके बाद वीडियो भी बनाया। पीड़ित हेड कॉन्स्टेबल ने रात में ही लोहिया नगर थाने में युवकों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने 3 युवकों को अरेस्ट किया है और मुकदमा भी दर्ज कर लिया है। स्कूटी से गिरने से कॉन्स्टेबल को काफी चोटें भी आई हैं। स्कूटी से जमीन पर गिरी हेड कॉन्स्टेबल का वीडियो बनाते देख वहां पर लोग आ गए और आरोपियों को पकड़ लिया। आरोपियों को पकड़कर पुलिस को सौंपा, लेकिन पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया। जब महिला कॉन्स्टेबल ने अफसरों से शिकायत की तो पुलिस ने तीनों आरोपियों को अरेस्ट किया। महिला पुलिसकर्मी ने अपने पति को फोन कर पूरा मामला भी बताया। हेड कॉन्स्टेबल के पति नोएडा में तैनात हैं। कॉन्स्टेबल इस समय मेरठ में रहकर ट्रेनिंग कर रही हैं। गिरफ्तार आरोपी साजिम, सुहैल, अजीम मुजफ्फरनगर के खतौली स्थित नई बस्ती के रहने वाले हैं। बताया जा रहा है कि तीनों आरोपी कपड़े बेचने का काम करता। पुलिस आरोपियों को छोड़ने के बाद दोबारा पकड़ने उनके बाइक नंबर की मदद से पहुंची। आरोपियों के मोबाइल भी जांच के लिए जब्त किए हैं। आरोपी मुजफ्फरनगर के रहने वाले बताए गए हैं। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह का कहना है कि महिला कॉन्स्टेबल की ओर से थाना लोहियानगर में एक तहरीर दी गई थी। इसमें महिला कॉन्स्टेबल ने लड़कों पर बदतमीजी करने का आरोप लगाया था। मुकदमा दर्ज कर तीन लड़कों को पकड़ा है।

# डीएम-एसपी ने पुस्तकालय का फीता काटकर किया शुभारंभ

## जब हम शिक्षित होंगे तभी हमारा गांव, समाज और देश आगे बढ़ेगा : डीएम

अमन लेखनी समाचार





अमेठी जनपद में शिक्षा को बढ़ावा देने तथा हर बच्चे के हाथ में किताबों को पहुंचाने एवं गरीब तथा ज्ञानार्जन करने वाले बच्चों को निशुल्क किताबें उपलब्ध कराने तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में लाइब्रेरी की स्थापना करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी निशा अनंत द्वारा 15 अगस्त 2024 को कलेक्ट्रेट में पुस्तक संग्रहालय का शुभारंभ किया गया था जिसमें जनपद वासियों से किताबें दान देने की अपील की गई थी उन्हीं किताबों को अब जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में पहुंचाया जा रहा है जिसके क्रम में आज जनपद की 143 ग्राम पंचायतों में पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया है विकासखंड गौरीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत आनापुर में जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा पंचायत सचिवालय में स्थापित पुस्तकालय का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही अध्ययन कक्ष का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके गांव में आज पुस्तकालय खुला है गांव के विकास के लिए यह पहला कदम है। उन्होंने सभी ग्राम वासियों से अपने बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि आप लोग अपने बच्चों को प्रतिदिन पुस्तकालय में पढ़ने के लिए भेजे, स्कूल से आने के बाद पुस्तकालय भेजें, यहां पर कक्षा 1 से 12 तक तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबें एवं अखबार आदि उपलब्ध हैं जिन्हें बच्चे पढ़ कर ज्ञान हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा के लिए लाइब्रेरी में बेहतर पढ़ाई हो पाती है आप लोग अपने बच्चों को बेहतर संस्कार दें। उन्होंने कहा कि जब तक आप लोग अपने बच्चों को पढ़ाएंगे नहीं तब तक आपके गांव व देश का विकास संभव नहीं है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से अनुरोध करते हुए कहा कि आप लोग अन्य कार्यों को करते हुए अपने बच्चों की शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को लाइब्रेरी में और पुस्तकें बढ़ाने के निर्देश दिए तथा सुरक्षा की दृष्टि से लाइब्रेरी में सीसीटीवी कैमरा भी लगवाने को कहा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी ग्राम वासियों को आगामी त्योहारों की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी और शिक्षा की इस मुहिम को और आगे तक बढ़ाने की अपील किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने इस पहल के लिए सभी को धन्यवाद दिया तथा कहा कि आप लोग भी इस पुस्तकालय में किताबें दान दे सकते हैं जिससे गरीब और ज्ञानार्जन करने वाले बच्चों को पढ़ाई करने में मदद मिल सकेगी, किताबों को हर उम्र के लोग पढ़ सकते हैं आप लोग इस सुविधा का अधिक से अधिक इस्तेमाल करें और लाभान्वित हों। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन में आज जनपद की 143 ग्राम पंचायत में पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया है जल्द ही जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में पुस्तकालय खोले जाएंगे। उन्होंने उपस्थित ग्राम प्रधान से ग्राम पंचायत की बैठक में इस पुस्तकालय के लिए बजट की भी व्यवस्था करने को कहा जिससे पुस्तकालय में सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व ग्रामवासी मौजूद रहे।

# फरियादियों को न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता : शिवाकांत त्रिपाठी



मुंशीगंज प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी

अमन लेखनी समाचार

मुंशीगंज अमेठी -नवागत थानाध्यक्ष ने संभाला कार्यभार।भय मुक्त समाज एवं हर फरियादियों को न्याय दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। यह बातें नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी ने शुक्रवार सुबह मुंशीगंज थाने की कमान संभालने के बाद कही। पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह ने क्राइम ब्रांच प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी को मुंशीगंज थाने की कमान दी है। नवागत थानाध्यक्ष शिवाकांत त्रिपाठी ने थाना पर पहुंचकर कार्यभार ग्रहण करने के बाद सभी उप निरीक्षकों, महिला व पुरुष आरक्षियों के साथ बैठक भी की।

# धर्मकांटे में सो रहे युवक की हत्या

## बदमाशों ने धारदार हथियार से उतारा मौत के घाट





अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिले में हत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। देर रात धर्मकांटे पर सो रहे युवक विमलेश तिवारी पर अज्ञात बदमाशों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने धर्मकांटे में लगे सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर को कब्जे में लेकर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। परिजनों की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मृतक विमलेश जेसीबी चलाने का काम करता था।पूरा मामला जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे 56 स्थित सिधियावां का है, जहां हाइवे किनारे कोयले के होलसेल डीलर बादशाह का जनता धर्मकांटा स्थित है। विमलेश पिछले पांच सालों से इसी धर्मकांटे पर रह रहा था।देर रात दो अन्य मजदूरों के साथ वह सो रहा था, तभी अज्ञात बदमाशों ने उस पर हमला किया और उसके पास मौजूद मोबाइल लूटकर फरार हो गए।

### पुलिस की कार्रवाई जारी

बदमाशों ने पास के एक दुकान में भी तोड़फोड़ की। जब अन्य मजदूरों को घटना की जानकारी हुई, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। स्थानीय पुलिस ने घायल को सीएचसी जगदीशपुर में भर्ती कराया, जहां से गंभीर हालत में उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया, लेकिन वहां उसकी मौत हो गई। धर्मकांटे के मालिक बादशाह ने कहा कि रात करीब एक से सवा एक बजे के बीच मजदूरों ने हमें बताया कि विमलेश पर किसी ने हमला कर दिया है। जब हम मौके पर पहुंचे, तो वह लहूलुहान पड़ा था। इसके बाद हमने पुलिस को सूचना दी।

## सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस

### नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत थाना कमरौली पुलिस द्वारा 60 ग्राम स्मैक के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशामुक्त अमेठी अभियान के तहत दिनांक 11.10.2024 को उ0नि0 कर्मवीर सिंह थाना कमरौली मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मो0 दानिश पुत्र सैय्यद महताब निवासी निदूरा थाना कूरेभार जनपद सुलतानपुर उम्र करीब 28 वर्ष को उतेलवा बस स्टॉप के पीछे से समय करीब10:24 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया ।अभियुक्त के कब्जे से कुल 60 ग्राम स्मैक बरामद हुआ ।गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

### डीएम एसपी द्वारा कस्बा जायस में किया भ्रमण

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा दुर्गा पूजा, दशहरा व जुमे की नमाज के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद भ्रमण के दौरान थानाक्षेत्र जायस/कस्बा जायस का भ्रमण किया गया एवं प्रभारी निरीक्षक जायस व गस्त/पिकेट ड्यूटी पर तैनात अधि0/कर्म0गण को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये।

# युवा कवयित्री शैलजा सिंह के जन्म दिवस पर मेरी कलम से एक समीक्षा

## शैलजा की कलम का प्रवाह कभी रुके नही।उनके अंदर का साहित्य कभी ना झुके

अमन लेखनी समाचार







शैलजा सिंह के अवतरण दिवस है,शोसल मीडिया फेसबुक के माध्यम से शुभचिंतकोंको ने जन्म दिन पर शुभकामनाएं दे रहे हैं।ईश्वर की असीम अनुकम्पा का अविस्मरणीय दिवस जिस दिन एक प्रखर अद्वितीय निर्भीक साहित्य धरा को सुशोभित किया शैलजा सिंह व्यक्तिगत तकलीफों को भूलकर साहित्य क्षेत्र में समाज में फैली दुश्वारियों को उजागर करती रहती है ।मां तारा सिंह की गोद में जन्मी शैलपुत्री स्वरूपा बेटी शैलजा सिंह प्रत्यंचा से झनकार उठी ।शैलजा सिंह यथा नामे तथा गुने की प्रत्यक्ष अभिभूति व्यक्तित्व एवं कृतित्व में परिलक्षित होता है। शैलजा जी साहित्य में जैसे ही लक्ष्य बेधने की अलौकिक क्षमता दीपक जैसी रोशनी, लक्ष्य प्राप्ति की एकाग्रता लक्ष्य के प्रति अखंड साधना ।शैलजा साहित्य के प्रति समर्पित प्रतीत होती है ।साहित्यकारों का जो सम्मान करते हुऐ कलम चलती है। अन्यत्र दुर्लभ है ।नवोदित साहित्यकारों को उच्च स्थान दिया। उनकी रचनाओं को प्राथमिकता दिया। परंतु कोई भी कठिन परिस्थिति उनके पथ से विचलित नही कर पाई ।शैलजा सिंह के सानिध्य में जो भी साहित्यकार आया आभामंडल दीप्यमान हो गया एवं उच्च श्रेणी के साहित्यकारों में गणना होने लगी ।शैलजा की लेखनी ने उसके साहित्य को चमक प्रदान किया। शैलजा की कलम से अद्भुत समीक्षाओं ने साहित्य जगत में हलचल मचा दिया। शैलजा जी के अवतरण दिवस पर बहुत बहुत बधाई ।अनंत शुभकामनाएं। भगवान करे दीघायु हो। शैलजा की कलम का प्रवाह कभी रुके नही ।उनके अंदर का साहित्य कभी ना झुके ।

# कर्ज से परेशान किसान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। मुस्करा थाना क्षेत्र के पहाड़ी भिटारी गांव में शुक्रवार सुबह किसान ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फंदे से लटका शव देख परिजनों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। किसान ने दो साल पहले पुत्री की शादी के लिए बैंक से ग्रीन कार्ड बनवाकर कर्जा लिया था। जिसे व अदा नहीं कर पा रहा था। परिजनों के मुताबिक उसके पास दस बीघा जमीन थी। उन्होंने पुत्री की शादी के लिए बैंक से ग्रीन कार्ड बनवाकर लोन लिया था। उस कर्ज की अभी तक अदायगी नहीं कर पाए थे। जिससे मानसिक तौर पर परेशान रहते थे। इसी तनाव के चलते उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी मुस्करा ने बताया है कि पहाड़ी भिटारी गांव निवासी 75 वर्षीय राधे 75 वर्ष ने घर के अंदर खंभे में रस्सी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## अंतिम दिन देवी दर्शन के लिए गांवो में उमड़ी भीड़

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। नवरात्र में कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी शक्ति की अधिष्ठात्री मां दुर्गा के प्रति आस्था और समर्पण का भाव दिखाई दिया। अंतिम दिन देवी दर्शन और पूजन अर्चन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगो ने ममतामई मां से सुख समृद्धि की कामना की। रात्रि में देवी गीतों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। इंगोहटा में काली देवी मंदिर, रामलीला मैदान सहित छह स्थानों में देवी पूजा पंडाल सजाए गए हैं। यहां अंतिम दिन देवी दर्शन के लिए ग्रामीणों की भीड़ नजर आई। विदोखर मेंदनी में पाथामाई मंदिर, देवी तलैया मंदिर, राम जानकी गांवटी मंदिर, ग्राम मवईजार, बंडा, कल्ला, धनपुरा आदि गांवो में सजे मां के दरबारों में अंतिम दिन देर रात तक चहल पहल बनी रही। लोगों ने देवी गीत, कीर्तन भजन सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भरपूर आनंद लिया। दिन में कन्या भोज के आयोजन चलते रहे। वहीं कस्बे के रामलीला मैदान में बीपीएम पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके दर्शकों का मन मोह लिया।

## अलग-अलग घटनाओं मे एक महिला सहित चार लोगों को अस्पताल में कराया गया भर्ती

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। क्षेत्र में हुई अलग-अलग घटनाओं मे एक महिला सहित चार लोगों को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत एक की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिगहना गांव निवासी रामकृपाल पुत्र मैयादीन तथा भइया पुत्र रामकृपाल पेड़ में लगे मधुमक्खियों के छत्ते के पास मधुमक्खियों की चपेट में आ जाने पर लहुलुहान होकर कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती हुये। दूसरी घटना में गुढा गांव निवासी कलावती 24 वर्ष पत्नी सत्यप्रकाश घर की सफाई करते समय पंखे में करंट उतर आ जाने पर बिजली की चपेट में आ गई। गंभीर अवस्था मे उसे उपचार हेतु कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। तीसरी घटना में कस्बा निवासी अब्दुल सफीक 55 वर्ष को बड़े चौराहा की ओर जाते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने पर राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# नहर में कूदा युवक, बचाने को सिपाही ने लगाई छलांग

### गोताखोर युवक की तलाश में जुटे, तहसीलदार और पुलिस मौके पर पहुंची

अमन लेखनी समाचार



अमेठी के मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र में देर शाम एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई। 28 वर्षीय विनोद कुमार, जो रायपुर रयपुर गांव का निवासी था, नगेशरगंज नहर पुल के पास अचानक नहर में कूद गया। गश्त पर निकले एक सिपाही ने यह देखा और बिना समय गंवाए युवक को बचाने के लिए खुद भी नहर में छलांग लगा दी, लेकिन काफी कोशिशों के बावजूद सिपाही को सफलता नहीं मिली ।कई देर तक युवक का कोई सुराग नहीं मिलने पर स्थानीय पुलिस ने गोताखोरों को बुलवाया। फिलहाल, गोताखोरों की टीम और स्थानीय ग्रामीण युवक की तलाश में जुटे हैं, लेकिन अभी तक विनोद का कुछ पता नहीं चल पाया है। मौके पर तहसीलदार और मुसाफिरखाना पुलिस तैनात है, जो स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं ।क्यों कूदा युवक, वजह साफ नहीं इस पूरे मामले में अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि विनोद ने नहर में छलांग क्यों लगाई। घटना के बाद इलाके में सनसनी का माहौल है और लोग तरह-तरह की अटकलें लगा रहे हैं। पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है, ताकि इस घटना के पीछे की वजह का पता लगाया जा सके ।फिलहाल, घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल है, और लोग युवक की सलामती की दुआ कर रहे हैं। पुलिस और प्रशासन लगातार युवक की खोजबीन में जुटे हुए हैं

## सिधियावां धर्मकांटा घटनास्थल पर पहुंचे एसपी

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जनपद के थानाक्षेत्र जगदीशपुर अंर्तगत ग्राम सिधियावां के पास धर्मकाटां पर सोते हुये व्यक्ति से हुई मारपीट व ईलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो जाने की घटना से संबंधित घटनास्थल का पुलिस अधीक्षक अमेठी अनूप कुमार सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया तदोपरांत प्रभारी निरीक्षक जगदीशपुर को आवश्यक विधिक कार्यवाही करने के संबंध में आदेश-निर्देश दिए गए इस दौरान क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# 60 ग्राम स्मैक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशामुक्त अमेठी अभियान के तहत उ0नि0 कर्मवीर सिंह थाना कमरौली मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मो0 दानिश पुत्र सैय्यद महताब निवासी निदूरा थाना कूरेभार जनपद सुलतानपुर उतेलवा बस स्टॉप के पीछे से गिरफ्तार किया गया अभियुक्त के कब्जे से कुल 60 ग्राम स्मैक बरामद हुआ ।गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है

## गैस सिलेंडर में रिसाव से लगी आग, घायलों से मिलने पहुंचे सपाई , मदद का दिया आश्वासन

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। गुरुवार को सुमेरपुर कस्बे में गैस सिलेंडर रिसाव से झुलसे लोगों का हाल जानने के लिए सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान के नेतृत्व में सपा का एक प्रतिनिधिमंडल सदर अस्पताल पहुंचा। यहां पर भर्ती चार लोगों से घटना की जानकारी लेकर बेहतर इलाज के लिए सीएमओ से वार्ता की। प्रतिनिधि मंडल में सदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी रामप्रकाश प्रजापति, प्रदेश सचिव मुन्नीलाल निषाद, नीरज कश्यप, रणबहादुर यादव आदि सपाई शामिल रहे। सभी ने सीएमओ डा. गीतम सिंह से मिलकर घायलों के बेहतर उपचार की मांग रखी। सीएमओ ने कहा कि मरीजों के उपचार में किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी।

# मुंशीगंज क्षेत्र में दुर्गा पंडाल में करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिले में मुंशीगंज थानाक्षेत्र के पनियार पावर हाउस के सोरांव गांव में दुर्गा पंडाल में करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी।अमेठी जिले में मुंशीगंज थानाक्षेत्र के पनियार पावर हाउस के सोरांव गांव में दुर्गा पंडाल में करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। दुर्गा पूजा पंडाल में लाइट ठीक करते समय बिजली के संपर्क में आने से 28 वर्षीय एक इलेक्ट्रीशियन की मौत हो गई ।उसने बताया कि घटना बृहस्पतिवार रात इस गांव में हुई। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया, सपहा नौरेपुर के निवासी ध्रुव राज यादव एक लाइटहाउस में काम करता था। पूरे तिवारी गांव में दुर्गा पंडाल में देर रात हैलोजन लाइट ठीक करते समय वह करंट की चपेट में आ गया। परिजनों के मुताबिक मौके पर मौजूद लोग उसे संजय गांधी अस्पताल ले गए, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी (गौरीगंज) अखिलेश कुमार ने बताया कि मामले में कानूनी कार्यवाही की जा रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोरांव ग्राम प्रधान अमरजीत द्वारा दुर्गा पांडाल लगाया गया था जहां हादसा हो गया

## परितोष पुलिस चौकी पर किया गया कन्या पूजन, बच्चियों को दिया उपहार

अमन लेखनी समाचार

मुंशीगंज (अमेठी) परतोष पुलिस चौकी प्रभारी संजय सिंह ने नवरात्रि के समापन पर नवमी पर कन्या भोज का आयोजन किया. इस दौरान 9 कन्याओं की पूजा की गई और उन्हें भोजन कराया गया साथ ही कन्याओं को गिफ्ट भी दिए गए ।मुंशीगंज थाना अंतर्गत आने वाले पुलिस चौकी परतोष पर चौकी प्रभारी संजय सिंह ने नौ दिन तक ड्यूटी पर रहते हुए अखंड नवरात्रि व्रत किए थे। उन्होंने बताया कि ड्यूटी होने कारण वे नवरात्रि में घर नहीं जा सके। लेकिन, उन्होंने नवरात्रि व्रत जरूर किए। नवरात्रि समापन पर उन्होंने कन्याओं को भोज कराया और उन्हें उपहार दिया ।चौकी में कन्या भोज को लेकर सभी पुलिसकर्मियों ने सहयोग किया।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**
**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. - 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

सेलिब्रेशन : टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# अच्छी आदतें अपनाने का संकल्प

बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक पर्व दशहरे को लोग बड़े हर्षोल्लास से मनाते हैं। बच्चों के मन में तो इस पर्व को लेकर एक अलग ही उत्साह रहता है। टीवी के चाइल्ड आर्टिस्ट्स भी दशहरे को अलग ही अंदाज में मनाते हैं। वे दशहरा कैसे सेलिब्रेट करते हैं, इस बार इनकी दशहरे पर क्या प्लानिंग है, बालभूमि को बता रहे हैं कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स।

### खत्म करूंगी अपनी दो बुराइयां : अस्मि देव

**जी टीवी** पर प्रसारित हो रहे शो 'जागृति : एक नई सुबह' में जागृति की मुख्य भूमिका निभा रही अस्मि देव को दशहरे का बेसब्री से इंतजार रहता है। वह बताती है, 'दशहरे पर हमारी सोसायटी के कैंपस में एक बड़ा-सा रावण जलाया जाता है। फिर हम कुछ बच्चे मिलकर एक छोटा-सा प्ले करते हैं, जिसमें हम राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान और रावण की भूमिका निभाते हैं। इसमें बहुत मजा आता है।' अस्मि अपना सबसे मेमोरेबल दशहरा याद करते हुए कहती है, 'जब मैं पांच साल की थी, तब मेरे घर के बड़ों ने रावण-दहन किया था, हमें यह भी बताया था कि दशहरे का क्या संदेश है? उन्होंने बताया था कि हमेशा बुराई की हार और अच्छाई की जीत होती है। यह सुनकर मैंने मन ही मन निर्णय लिया था कि हमेशा मैं अच्छाई के रास्ते पर चलूंगी।' अस्मि आगे कहती है, 'इस दशहरे पर मैं अपने भीतर की दो बुराइयों को दूर करूंगी, जैसे- मैं कभी-कभी मम्मी-पापा की बात नहीं मानती हूं, कभी-कभी जिद भी करती हूं। तो अपनी इन दोनों बुराइयों पर जीत हासिल करूंगी।' *



### छोड़ूंगा आलस्य और लापरवाही की आदत : कविश चौहान



**सन नियो** के शो 'छठी मैया की बिटिया' में शैशव के किरदार में कविश चौहान खूब रंग जमा रहा है। वह कहता है, 'वैसे तो मैं हर साल अपने होम टाउन में दशहरा मनाता हूं, लेकिन इस बार मैं मुंबई में दशहरा मनाऊंगा।' कविश की अबकी दशहरे की प्लानिंग क्या है, वह बताता है, 'इस बार मैं मुंबई में अपना दशहरा मनाऊंगा। यहां के रीति-रिवाज के अनुसार लोगों के घर जाकर मिलूंगा, अपने से बड़ों का आशीर्वाद लूंगा। यह मेरे लिए नया अनुभव होगा।' अपना सबसे मेमोरेबल दशहरा याद करते हुए कविश बताता है, 'मुझे याद है, मैं जब पहली बार अपने पापा के साथ रावण दहन देखने गया था। वहां रावण का पुतला बहुत बड़ा था, जब वो जला तो उसे देखकर मैं डर गया था, लेकिन फिर मुझे मजा भी बहुत आया था। वो मेरा अब तक का सबसे यादगार दशहरा है।' कविश इस दशहरे पर अपने भीतर कुछ चेंज लाने की बात भी करता है, वह बताता है, 'इस दशहरे पर मैं अपने आलस्य और लापरवाही जैसी आदत को छोड़ने का खुद से प्रॉमिस करूंगा। कभी-कभी मैं शो की शूटिंग में व्यस्त होने के कारण अपनी पढ़ाई को भी टालता जाता हूं, लेकिन अब मेरी कोशिश रहेगी कि समय पर सारे काम पूरे करूं और हमेशा एक्टिव रहूं।' *

### खुद को पहले से बेहतर बनाने का संकल्प लूंगी : सिद्धि राठौर



**सोनी सब** के शो 'बादल पे पांव हैं' में गिन्नी खन्ना का रोल प्ले कर रही सिद्धि राठौर का दशहरा बहुत ही पसंदीदा त्योहार है। वह उल्लास के साथ बताती है, 'मैं अपने मम्मी-पापा और पूरी फैमिली के साथ हर साल दशहरे पर रामलीला देखने जरूर जाती हूं। इसमें मुझे बहुत मजा आता है।' इस बार दशहरे पर सिद्धि की क्या प्लानिंग है, वह बताती है, 'अगर शूटिंग के बीच मुझे टाइम मिला तो ऐज यूजुअल मैं फैमिली के साथ रामलीला देखने जाऊंगी। अगर मुझे थोड़ा और टाइम मिला तो मैं अपने छोटे भाई के साथ मिल कर रावण बनाऊंगी, उसे बनाना भी सिखाऊंगी।' सिद्धि दशहरे से जुड़ा अपना सबसे मेमोरेबल इंसिडेंट हंसते हुए बताती है, 'मेरे लिए सबसे मेमोरेबल दशहरा पिछले साल का था, मैंने पापा-मम्मी की मदद से पहली बार रावण बनाया था। हालांकि रावण ठीक से बन नहीं पाया था, लेकिन वो मेरे लिए बेस्ट रावण था, क्योंकि मैंने उसे अपने हाथों से बनाया था। उसे बनाकर मैं बहुत खुश थी। उस फीलिंग को मैं अभी तक नहीं भूली हूं।' इस दशहरे से सिद्धि अपने भीतर की कुछ बुराइयों को धीरे-धीरे खत्म करके अच्छी आदतों को रूटीन में शामिल करेगी। वह कहती है, 'इट्स नॉट पॉसिबल कि मैं एक ही बार में अपनी सारी बुरी आदतों से छुटकारा पा लूं। इसलिए इस साल मैंने सोचा है, अपने ऊपर थोड़ा ध्यान दूंगी। मैं रेग्युलर एक्सरसाइज करूंगी, हेल्दी खाऊंगी, समय से सोने और जगने की कोशिश करूंगी। इस दशहरे मैं खुद को पहले से बेहतर बनाने का संकल्प लूंगी।' *

### मैं अब अधिक डिसिप्लिन में रहूंगा : कविश खुंगर

**शेमारू उमंग** के शो 'मैं दिल तुम धड़कन' में कृश के रोल में दिख रहा कविश खुंगर दशहरे की बात होने पर बताता है, 'जब मैं अपने होम टाउन सिरसा में रहता था तो हर साल अपने परिवार के साथ रामलीला और दशहरे का मेला देखने जाया करता था।' कविश इस बार की अपनी दशहरे की प्लानिंग बताता है, 'मुंबई में यह मेरा पहला दशहरा है। इस बार मैं यहां मुंबई में पूरे दिन अपने नए दोस्तों के साथ दशहरा मनाऊंगा ताकि मैं यहां के कल्चर को भी जान-समझ सकूं।' कविश दशहरे से जुड़ी अपनी खास मेमोरी शेयर करते हुए बताता है, 'एक बार मैं दशहरे के मौके पर रामलीला में हनुमान जी बना था। मुझे हनुमान जी के रूप में देखकर लोगों ने बहुत प्यार दिया। सभी ने मेरी बहुत तारीफ की, लोगों ने मेरे साथ फोटो खिंचाई। वह दशहरा मुझे हमेशा याद रहेगा।' इस दशहरे पर कविश खुद में कुछ अच्छे चेंज भी लाने की बात करता है। वह कहता है, 'मैं अब पूरी तरह डिसिप्लिन के साथ रहूंगा। हालांकि थोड़ी-बहुत मस्ती करना भी जरूरी है, इससे हमें नई एनर्जी मिलती है। बस हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए, हमारी मस्ती से किसी को कोई नुकसान ना पहुंचे।' *



### अपनी अच्छाइयों को करूंगी और मजबूत : तेजस्विनी सिंह



**एंड टीवी** के शो 'भीमा' में टाइटल भूमिका निभा रही तेजस्विनी सिंह ने अपने अभिनय से सबका दिल जीत रखा है। वह दशहरा हर साल बहुत धूमधाम से मनाती है। वह बताती है, 'दशहरे के दिन मैं घर में सबके साथ पूजा-आरती करती हूं। हम रावण दहन देखने जाते हैं। दोस्तों से मिलते हैं, स्वादिष्ट पकवान और मिठाइयां खाते हैं। यह दिन मेरे लिए बहुत खास होता है, क्योंकि मैं अपने परिवार के साथ समय बिताती हूं, खूब मस्ती करती हूं।' तेजस्विनी इस बार की अपनी दशहरे की प्लानिंग भी बताती है, 'हर बार की तरह इस बार भी हम दशहरे पर खूब मस्ती करेंगे। मैं अपने दोस्तों से मिलने जाऊंगी और उन्हें भी अपने घर बुलाऊंगी। हम साथ मिलकर दशहरा सेलिब्रेट करेंगे।' अपना अब तक का सबसे मेमोरेबल दशहरा भी तेजस्विनी बताती है, 'मेरा सबसे मेमोरेबल दशहरा उस साल का था, जब मैं पहली बार रावण का पुतला जलाने के लिए एक बड़े से मैदान में बने स्टेज पर गई थी। खास बात यह थी कि उस बार मैंने अपने दोस्तों के साथ मिलकर रावण का पुतला सजाया था। उस दिन मेरे परिवार के सभी लोग मेरे साथ थे, हमने खूब एंज्वॉय किया था।' तेजस्विनी दशहरे पर अपने भीतर पॉजिटिव चेंज लाने की भी बात करती है। वह कहती है, 'इस दशहरे पर मैं अपने अंदर की अच्छाइयों को और मजबूत करने का संकल्प लूंगी। जैसे, मैं अपनी पढ़ाई में और अधिक ध्यान लगाऊंगी। अपने परिवार और दोस्तों के साथ हमेशा आदर और प्रेम से पेश आऊंगी। साथ ही जरूरतमंदों की हर संभव मदद करूंगी।' *

प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

## जीके क्विज- 124

1. आइसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप का आयोजन कहां किया जा रहा है?
2. पिछले दिनों सबसे तेज 27000 रन पूरे करने वाले खिलाड़ी कौन बने हैं?
3. हाल ही में किस फिल्म अभिनेता को दादा साहब फाल्के सम्मान प्रदान किया गया?
4. ब्लैक फॉरेस्ट पर्वत कहां स्थित है?
5. किस पठार को 'संसार की छत' कहा जाता है?
6. हेमेटाइट किस धातु का अयस्क होता है?
7. नाखून में कौन-सा प्रोटीन पाया जाता है?
8. ग्रैंड ट्रंक रोड का निर्माण किस शासक ने करवाया था?
9. भारत के 'मिसाइल मैन' के नाम से किसे जाना जाता है?
10. नीली क्रांति का संबंध किससे है?



बच्चों, जीके क्विज-124 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।

**जीके क्विज-123 का उत्तर :** 1.आतिशी मार्लेना, 2.अमर प्रीत सिंह, 3.नई दिल्ली, 4.महात्मा गांधी, 5.जहांगीर, 6.देहरादून, 7. 22 भाषाओं को, 8.बेंगलूरु, 9.मिल्खा सिंह, 10.जोधपुर

**जीके क्विज-123 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, साकेत-रायपुर, दिव्या-बालोद, ईशान-बेमेतरा, हनी-कांकेर, उत्तम-महेंद्रगढ़, नेहा-भोपाल, आकाश-मटियारी, चेतन-बलौदा बाजार, विष्णु-महेंद्रगढ़, दीपक-बिलासपुर, कंचन-रायगढ़, हर्ष-रोहतक, काव्या-रायपुर, अमन-कोरबा, चंचल-धमतरी

## हंसगुल्ले

**सोनू** : कल रात सपने में मेरे पैर में कांटा चुभ गया था।
**मोनू** : अच्छा, तुम आज रात में चप्पल पहनकर सोना।
-कुमकुम, रायपुर

**टीचर (रोहन से)** : बताओ, लालकिला कहां है?
**रोहन** : सर, मुझे नहीं नहीं पता।
**टीचर** : चलो, बेंच पर खड़े हो जाओ।
**रोहन** (बेंच पर खड़े होने के बाद) : सर, यहां से भी नहीं दिखाई दे रहा है।
-दीपांशु, हिसार

**चीकू** : क्या तुम इंग्लिश बोल सकते हो?
**मीकू** : हां, बड़े आराम से।
**चीकू** : अच्छा, बोलकर दिखाओ।
**मीकू** (हंसते हुए) : 'इंग्लिश।'
-भावना, दुर्ग

## कहानी

डॉ. अलका जैन 'आराधना'

# सबसे अच्छा रावण

इस बार दशहरा सेलिब्रेशन के लिए वीरू और गुड्डी ज्यादा ही एक्साइटेड थे। वजह थी कॉलोनी में सबसे अच्छे रावण के पुतले को दिया जाने वाला पुरस्कार। अब समस्या यह थी कि सबसे अच्छा और स्पेशल रावण बनाया कैसे जाए? तब दादी ने दोनों को एक आइडिया दिया। क्या था वो आइडिया, क्या वीरू और गुड्डी का रावण सबसे अच्छा बन पाया?



दशहरे का त्योहार आने ही वाला था। वीरू और गुड्डी पिछले कई दिनों से जिद कर रहे थे कि उन्हें रावण का पुतला बनाने का सामान चाहिए, पर मम्मी-पापा को समय ही नहीं मिल पा रहा था कि वे उन्हें बाजार ले जाकर पुतला बनाने का सामान दिलाएं। यूं तो हर बार पूरी कॉलोनी में एक ही रावण बनता था और सब कॉलोनी वाले इकट्ठे होकर रावण दहन देखते थे। लेकिन इस बार तय किया गया था कि हर घर में एक-एक रावण बनाया जाएगा और फिर जिसका रावण का पुतला सबसे अच्छा और स्पेशल होगा, उसे पुरस्कृत किया जाएगा। यह प्रतियोगिता खासतौर से बच्चों के लिए आयोजित की गई थी।

वीरू और गुड्डी, यह जानकर बहुत एक्साइटेड हो गए कि इस बार कॉलोनी में एक नही बीस रावण के पुतले बनाए जाएंगे और फिर सबको एक साथ जलाया जाएगा। लेकिन वे यह भी चाहते थे कि सबसे बड़ा और स्पेशल रावण का पुतला उनका ही हो। लेकिन जैसे-जैसे समय बीत रहा था, वीरू और गुड्डी की चिंता बढ़ती जा रही थी। उन्हें लग रहा था कि सबसे अच्छा रावण तो दूर की बात है, इस तरह तो वे रावण बना ही नहीं पाएंगे।

दोनों बच्चे मुंह लटकाए, ठुनकते हुए दादी के पास पहुंच गए। दादी ने दोनों को समझाते हुए कहा, 'बेटा, अभी त्योहारों का समय है और दुकान पर बहुत भीड़ रहती है। तुम्हारे पापा को फुर्सत ही नहीं मिल पा रही है। इन दिनों घर पर मेहमान भी आते-जाते रहते हैं, इसलिए मम्मी भी तुम्हें बाजार नहीं ले जा पा रही हैं।'

दादी की बात सुनकर वीरू ने कहा, 'दादी, आप ही चलिए न हमारे साथ।'

'अरे, मैं कहां जा पाऊंगी तुम लोगों के साथ!' दादी ने दोनों बच्चों के सिर पर हाथ फेरते हुए कहा।

यह सुनकर वीरू और गुड्डी फिर से उदास हो गए।

दादी ने उनके चेहरे की उदासी को भांपते हुए कहा, 'अच्छा सुनो बच्चों, तुम बाजार से रावण बनाने का जो सामान लेकर आओगे, वह सब तो जल ही जाना है। तो क्यों ना ऐसे सामान से रावण बनाया जाए, जो हमारे घर में ही बेकार पड़ा है जैसे कि पुरानी रद्दी, गत्ते वगैरह।'

दादी की बात सुनकर वीरू और गुड्डी की आंखें चमक उठीं। गुड्डी ने चहकते हुए पूछा, 'क्या सचमुच ऐसा हो सकता है दादी? क्या हम घर में बेकार पड़े सामान से रावण का पुतला बना सकते हैं?' 'घर में बेकार पड़े सामान से क्या अच्छा सा रावण का पुतला बन पाएगा?' वीरू ने गुड्डी की बात में अपनी बात जोड़ी। दादी ने दोनों की उत्सुकता शांत करते हुए कहा, 'बिल्कुल हो सकता है। अब हाथ पर हाथ धर कर बैठने के बजाय, चलो फटाफट काम शुरू करते हैं। मैं इसे बनाने में तुम लोगों की मदद करूंगी, लेकिन मेरी एक शर्त है।' 'कैसी शर्त दादी?' वीरू ने पूछा।

दादी ने कहा, 'यही कि हम इस रावण के पुतले के पेट में पटाखे नहीं भरेंगे।'

'फिर क्या ही मजा आएगा दादी? रावण जलेगा, पटाखे नहीं फूटेंगे, धमाके ही नहीं होंगे तो!' गुड्डी ने मायूसी से कहा।

दादी बोलीं, 'जरा सोचो, जब रावण जलेगा और उसके पेट मे भरे हुए पटाखे फूटेंगे तो कितना प्रदूषण फैलेगा?' इस पर वीरू बोला, 'लेकिन दादी बाकी लोग तो...' '...बाकी लोगों को भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए! लेकिन हम तो बिना पटाखों वाला रावण ही बनाएंगे।' वीरू की बात बीच में ही काटकर दादी बोलीं।

'ठीक है दादी, आप जैसा कह रही हैं, हम वैसा ही रावण बनाएंगे।' दोनों बच्चों ने एक स्वर में कहा। इसके बाद घर भर के गत्ते और रद्दी इकट्ठा करके वीरू और गुड्डी काम में जुट गए। दादी भी उनकी मदद करने लगीं। दो दिनों की मेहनत के बाद उन्होंने एक बड़ा-सा रावण का पुतला बना लिया। दशहरे के दिन जब शाम को कॉलोनी के पार्क में रावण दहन की तैयारियां हो रही थीं, एक-एक करके कॉलोनी के बच्चे अपने-अपने रावण मैदान में रखने लगे। वीरू और गुड्डी अपने रावण का पुतला सबसे आखिर में लेकर आए। उनके रावण को देखकर सब हैरान रह गए। दरअसल, उनका रावण सबसे अच्छा, बड़ा और दूसरे पुतलों से अलग दिख रहा था।

जब कॉलोनी के बच्चों ने पूछा कि ऐसा स्पेशल रावण उन्होंने कैसे बनाया तो वीरू और गुड्डी ने बताया कि उन्होंने घर में मौजूद बेकार सामान से यह रावण बनाया है। यह जानकर वहां मौजूद अन्य बच्चे ही नहीं उनके पैरेंट्स भी आश्चर्यचकित रह गए।

जब सबसे अच्छे और अनोखे रावण के पुतले को पुरस्कार देने की घोषणा की गई तो वीरू और गुड्डी के रावण को प्रथम पुरस्कार मिला। इसकी वजह यह थी कि उनके रावण का पुतला, घर में पड़े वेस्ट्स से बनाया गया था। उसमें पटाखे नहीं लगाए गए थे, इसलिए वो पूरी तरह ईको-फ्रेंडली था। कुछ देर बाद सारे रावण के पुतले जलाए गए। सब लोग रावण दहन देखकर तालियां बजा रहे थे। वीरू और गुड्डी ने दादी को 'थैंक यू' बोला, क्योंकि उनके आइडिए की वजह से ही उन्होंने घर पर रावण का पुतला बनाया और प्रथम पुरस्कार भी जीता। *

## कविता

नागेश पांडेय 'संजय'



### विजय दशमी

विजय दशमी का अहा!
त्योहार आया फिर।
सत्य की ही जीत होती,
झूठ आखिर हारता है।
नीति का पथ छोड़ता जो
जग उसे धिक्कारता है।
राम-रावण की कथा का
सार आया फिर।
विजय दशमी का अहा!
त्योहार आया फिर।
लगा है मेला, वहां हैं
खेल, जादू और झूले।
बहुत ऊंचे, बहुत ऊंचे,
यों लगे ज्यों गगन छू ले।
और हां, सर्कस बड़ा
इस बार आया फिर।
विजय दशमी का अहा!
त्योहार आया फिर।

## रंग भरो-160

**रंग भरो-160** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





लविश, महासमुंद



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



एनोश, धमतरी



सौम्य, बालोद



प्रगति, रायपुर



अंकित, धमतरी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

डॉली-मटियारी, चहक-रेवारी, प्रगति-बिलासपुर, प्राक्षी-रोहतक, रविश-महासमुंद, रितेश-मटियारी, शौर्य-कांकेर, सावनि-भिवानी, वसनि-रायपुर, कुसुम-रायपुर, तान्या-बिलासपुर, ज्योत्सना-बालोद, कुणाल-बेमेतरा, अंशिका-मटियारी, अजय-बालोद

## रंग भरो 161



बच्चों, यहां रावण दहन का चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## चित्र पूरा करो

बच्चों, यहां विजय दशमी पर श्रीराम द्वारा रावण वध से संबंधित एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। साथ ही इस चित्र के कलर्ड कट-आउट्स भी दिए गए हैं। तुम इन कलर्ड कट-आउट्स को सही जगह लगाकर इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को पूरा कलरफुल बनाओ।




उत्तर : 1-D, 2-G, 3-A, 4-C, 5-I, 6-H, 7-F, 8-B, 9-E